2007-2008

संगीत नाटक अकादेमी
वार्षिक रिपोर्ट

विषय–सूची

परिशिष्ट

संगीत नाटक अकादेमी : एक परिचय

संगीत नाटक अकादेमी भारतीय गणराज्य द्वारा स्थापित संगीत, नृत्य और नाटक की प्रथम राष्ट्रीय अकादेमी है। इसका गठन भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय के 31 मई 1952 के प्रस्ताव के ज़रिए किया गया था और भारत के गजट में इसे जून 1952 में अधिसूचित किया गया था। इसके पहले चेयरमैन डॉ. पीवी राजमन्नार की नियुक्ति और सामान्य परिषद् के प्रतिनिधियों के अखिल भारतीय परिषद् के गठन के बाद अकादेमी ने अगले साल काम करना शुरू किया। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 28 जनवरी, 1953 को संसद भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में इसका उद्घाटन किया। अकादेमी के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने कहाः

> ''संगीत, नाटक और नृत्य, भारत की ऐसी बहुमूल्य विरासत है जिसकी हमें कद्र करनी चाहिए और इसका विकास करना चाहिए। हमें ऐसा सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि मानवजाति की सांस्कृतिक विरासत के प्रति योगदान के रूप में करना चाहिए। बने रहने का मतलब नया बनाना है – यह कला के क्षेत्र में जितना सच है उतना और कहीं नहीं। परम्पराओं का संरक्षण नहीं किया जा सकता है बल्कि नई परंपराएं बनाई जा सकती हैं। इस अकादेमी का यह लक्ष्य होगा की हमारी परंपराओं का संरक्षण करे और इसके लिए इन्हें संस्थागत रूप दिया जाए . . .
>
> लोकतांत्रिक व्यवस्था में, कला अपनी निरंतरता सिर्फ जनता और सरकार से प्राप्त कर सकती है, इसलिए जनता की इच्छा संगठित रूप से अवश्य अभिव्यक्त होनी चाहिए। इसलिए . . . (कला का) रख–रखाव और विकास (इसकी) पहली जिम्मेदारियों में से एक होना चाहिए।''

अकादेमी के क्रिया कलापों का विस्तार मूल सोच के आधार पर 1961 में किया गया जब संगीत नाटक अकादेमी का सरकार द्वारा एक सोसाइटी के रूप में पुनर्गठन किया गया और इसका पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 (जैसा 1957 में संशोधित किया गया था) के तहत किया गया। इन क्रिया कलापों का उल्लेख अकादेमी के संगम–ज्ञापन में किया गया है। इसे 11 सितंबर 1961 को सोसाइटी के रूप में पंजीकरण के अवसर पर अपनाया गया।

अपनी स्थापना के समय से ही अकादेमी देश में प्रदर्शन कला के क्षेत्र की शीर्ष संस्था के रूप में कार्य करती रही है और देश में संगीत, नृत्य और नाटक की विभिन्न संस्कृतियों की विस्तृत अमूर्त परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए कटिबद्ध है। अपने इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अकादेमी भारत सरकार और विभिन्न राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों की कला अकादेमियों तथा देश की प्रमुख सांस्कृतिक संस्थाओं से सामंजस्य बैठाती है और सहयोग प्रदान करती है। अकादेमी प्रदर्शन कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं और परियोजनाओं की स्थापना करती है और उनकी देखभाल भी करती है। अकादेमी ने 1959 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की स्थापना की थी। नृत्य की दो राष्ट्रीय संस्थाओं – इंफाल में जवाहर लाल नेहरू मणिपुर डांस एकेडमी और कथक केन्द्र (नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ कथक डांस), नई दिल्ली की स्थापना क्रमशः 1954 और 1964 में हुई थी। केरल के चिरकालीन संस्कृत थिएटर कूटियाट्टम, पूर्वी भारत के छऊ नृत्य और असम की सत्रिय परंपरा को समर्थन दे कर राष्ट्रीय परियोजनाओं को भी शुरू कर दिया है। कूटियाट्टम परियोजना के तहत 10 वर्षों के निरन्तर कार्य के बाद यूनेस्को ने कूटियाट्टम को मई 2001 में मानवता की अमूर्त विरासत की उत्कृष्ट कलाकृति घोषित किया अकादेमी ने 27 मई 2007 को तिरुवनन्तपुरम में कूटियाट्टम केन्द्र का शुभारम्भ किया।

अकादेमी पुरस्कार कला साधकों को दी जानेवाली सर्वोच्च राष्ट्रीय मान्यता है। अकादेमी संगीत, नृत्य और नाटक के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों और विद्वानों को रत्नसदस्यता देती है। इस रत्नसदस्यता (अकादेमी रत्न) के लिए 1 लाख रूपये और अकादेमी (अकादेमी अवार्ड) पुरस्कारों के लिए 50,000 रू. नकद दिए जाते है।

युवा कलाकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से अकादेमी ने वर्ष 2006 से उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ के नाम पर उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार आरम्भ किए। इन युवा पुरस्कारों की संख्या 33 है। युवा पुरस्कारों के तहत 25000 रू. की नकद धनराशि भेंट की जाती है।

अकादेमी शिक्षण, प्रदर्शन, संगीत, नृत्य और थिएटर के प्रदर्शन तथा उसके प्रचार प्रसार में जुटी संस्थाओं के कामों को आर्थिक सहायता देती है, प्रदर्शन कला से संबंधित अनुसंधान, प्रलेखन और प्रकाशन के लिए अनुदान देती है, विशिष्ट विषयों के सेमिनार और कांफ्रेंस का आयोजन करती है, इसके लिए आर्थिक सहायता देती है तथा अपने ऑडियो वीडियो अभिलेखागार के लिए प्रलेखन और रिकार्डिंग का काम भी करती है।

अकादेमी के अभिलेखागार में वृहद् स्तर पर ऑडियो–वीडियो टेपस, फोटोग्राफ्स एवं फिल्में हैं जिन्हें प्रदर्शनकारी कलाओं पर अनुसंधानकार्य हेतु गहन रूप से पंक्तिबद्ध किया गया है। अकादेमी में एक संदर्भ ग्रन्थालय है जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकें हैं। अकादेमी के रवीन्द्र भवन में एक वाद्य–दीर्घा है जिसमें संगीत, नृत्य एवं नाटक के दो सौ से अधिक वाद्य–यन्त्र प्रदर्शित किये गये हैं। अकादेमी कुछ हद तक प्रासंगिक विषयों पर साहित्य का भी प्रकाशन करती है। अकादेमी में एक प्रलेखन इकाई है जिसमें नृत्य, नाटक एवं संगीत के विद्वान गुरुओं का संग्रहण है।

प्रदर्शन कला में विशेषज्ञता प्राप्त शीर्ष संस्था के रूप में अकादेमी प्रदर्शन कला से संबंधित नीतियां और कार्यक्रम बनाने में भारत सरकार को भी परामर्श और सहयोग प्रदान करती रहती है। इसके अलावा, भारत के भिन्न क्षेत्रों और भारत व विश्व के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी भी अकादेमी निभाती है।

संगीत नाटक अकादेमी भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। इसकी सम्पूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का वित्त पोषण पूर्ण रूपेण भारत सरकार करती है। अकादेमी का प्रबंधन उसकी महापरिषद् में निहित है। अकादेमी के कार्यों का सामान्य अधीक्षण, निदेशन व नियंत्रण कार्यकारी मंडल द्वारा किया जाता है, जिसकी सहायता के लिए वित्त समिति, अनुदान समिति, प्रकाशन समिति तथा अन्य परामर्शदात्री समितियाँ जैसे संगीत, नृत्य, रंगमंच, प्रलेखन, अभिलेखागार, पुतुल कला और लोक एवं जनजातीय कलाएं आदि हैं। अकादेमी के उद्देश्य इसके संगम ज्ञापन (उद्धरणः परिशिष्ट – 1) में ज्यादा स्पष्ट तौर पर उल्लिखित है। श्री राम निवास मिर्धा संगीत नाटक अकादेमी के अध्यक्ष एवं श्री कावालम नारायण पणिक्कर उपाध्यक्ष हैं। महापरिषद्, कार्यकारी मण्डल और सलाहकार समिति के सदस्यों की सूची परिशिष्ट – 2 के रूप में संलग्न है।

श्री जयंत प्रकाश कस्तुआर अकादेमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव हैं। सचिव की सहायता के लिए संगीत, नृत्य, नाटक, समन्वय, वित्त, प्रशासन, प्रकाशन, प्रलेखन के उपसचिव, अकादेमी के पुस्तकालयाध्यक्ष और अकादेमी की घटक इकाइयों – कथक केन्द्र और जवाहर लाल नेहरू मणिपुर डांस ऐकेडमी के निदेशक हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंध अकादेमी की कार्यकारिणी मण्डल के तहत है। इसे दोनों घटक इकाइयों की सलाहकार समितियों से कार्य में सहायता मिलती है। इन संस्थाओं की गतिविधियों का विवरण इस रिपोर्ट में शामिल है। महापरिषद्, कार्यकारी मण्डल और कार्यकारी मण्डल द्वारा बनाई गई विभिन्न समितियों की बैठकों की रिपोर्ट परिशिष्ट – 3 के रूप में संलग्न है।

संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2006-07

संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2006

संगीत नाटक अकादेमी की महापरिषद् ने 27 दिसम्बर 2006 एवं 15 फरवरी 2007 की बैठक में प्रदर्शनकारी कलाओं में पाँच प्रख्यात विभूतियों का चयन अकादेमी रत्न (अकादेमी फेलो) के लिए तथा तेंतिस प्रख्यात कलाकारों को वर्ष 2006 के अकादेमी पुरस्कार (अकादेमी अवार्ड्स) के लिए चुना। अकादेमी पुरस्कार वितरण समारोह 1 मार्च, 2007 को कमानी सभागार में सम्पन्न हुआ। भारत के राष्ट्रपति डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कलाकारों को सम्मानित किया। इस शुभ अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्रीमती अम्बिका सोनी अकादेमी के अध्यक्ष श्री राम निवास मिर्धा और उपाध्यक्ष श्री कावालम नारायण पनिक्कर भी उपस्थित थें।

संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार 2007

अकादेमी की महापरिषद् की 18 दिसम्बर 2007 को आयोजित बैठक में प्रदर्शनकारी कला के क्षेत्र की एक प्रख्यात विभूति का चयन अकादेमी रत्न (अकादेमी फेलो) के लिए और तेंतिस प्रख्यात कलाकारों का चयन अकादेमी पुरस्कार के लिए किया। अकादेमी रत्न के लिए 1,00,000 रु. एवं अकादेमी पुरस्कार के लिए 50,000 रु. नगद, शाल एवं ताम्रपत्र भेंट किया जाता है। वर्ष 2007 के लिए अकादेमी रत्न एवं अकादेमी पुरस्कार प्राप्त करने वालों के नाम निम्नवत् हैं –

अकादेमी रत्न

सुशील कुमार सक्सेना

अकादेमी पुरस्कार

संगीत

विद्याधर नारायण राव
गोवर्धन मिश्र
नन्दन मेहता
रामू प्रसाद शास्त्री
बी. कृष्णामूर्ति
विद्याशंकर
एस. आर. डी. वैद्यनाथन्
खैयाम (मोहम्मद जहूर हाशमी)

नृत्य

सुचेता भिडे चापेकर
गीतांजलि लाल
सदनम् कृष्णन कुट्टी
येलेस्वरपू नागेश्वर शर्मा
रंजना गौहर
गुणाकांत दत्ता बड़बयान
दीप्ती ओमचेरी भल्ला
कलामंडलम सिवन नम्बूतिरी

रंगमंच

रेवती सरन शर्मा
ललथंगफला सायलो
युमनाम राजेन्द्र सिंह
एन. सी. ठाकुर
हरि माधव मुखोपाध्याय
रमेश मेहता
महेन्द्र कुमार
कोल्यूर रामचन्द्र रॉव

पारंपरिक/लोक/जनजातीय संगीत, नृत्य, रंगमंच एवं पुतुलकला

थोकचम निनगोल बृन्दाशाबी देवी
प्रहलाद सिंह तिपाणिया
राम दयाल मुंडा
गुलाम मोहम्मद
सुबोध देबबर्मा
अमर पाल
एल. राजप्पा
शराफत अब्दुल माजिद सतारमेकर

समग्र योगदान

मुकुंद लाठ

अकादेमी पुरस्कार अलंकरण समारोह 26 फरवरी 2008 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गये। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्रीमती अम्बिका सोनी, अकादेमी अध्यक्ष श्री रामनिवास मिर्धा एवं उपाध्यक्ष श्री कावालम नारायण पनिक्कर भी उपस्थित थे।

उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार

संगीत नाटक अकादेमी ने वर्ष 2006 से उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार का आरम्भ किया। यह पुरस्कार संगीत, नृत्य एवं नाटक के क्षेत्र में उन उदीयमान युवा कलाकारों को दिया जाता है जिनकी उम्र 35 वर्ष से कम हो। अकादेमी की महापरिषद् की 28 फरवरी 2008 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में युवा पुरस्कारों का निर्णय लिया गया। उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ युवा पुरस्कार 2007 के प्राप्त करने वालों के नाम इस प्रकार हैं –

संगीत

संदीप हरीश देशमुख
मीता पंडित
सरवर हुसैन
भिमण्णा जाधव
सिक्किल सी. गुरुचरण
अक्कराई एस. सुब्बालक्ष्मी
पेरावेल जयाभास्कर
मेरांबम मनितोन सिंह

नृत्य

लवण्या अनंत
शर्बरी अशोक जेमिनीस
कलामंडलम् षनमुखदास सी
लाइश्रम बिना देवी
मधुस्मिता मोहन्ती
यामिनी रेड्डी
मितई देविका
के. एस. आर. अनिरुद्ध

रंगमंच

सोहिनी सेन गुप्त
राजिन्दर शर्मा 'नानू'
अनुप त्रिवेदी
विजय कुमार
संजीव गुप्त
एम. गणेशा
लाइश्रम इबोचौबा सिंह
श्रीकांत नायर

पारंपरिक/लोक/जनजातीय संगीत/नृत्य/रंगमंच एवम पुतुल कला

के. बाबू पेरुवन्नन
अदिति शर्मा
रोजत भूपंग
मन्नू यादव
लक्ष्मी सोढ़ी
सी. ललरिनसियामी

प्रदर्शनी एवं उत्सव

पुतुल यात्रा, चंडीगढ़ : 2 — 15 अप्रैल 2007

भारतीय पुतुल कला पर एक प्रदर्शनी एवं उत्सव का आयोजन पंजाब कला परिषद् चंडीगढ़ के सहयोग से पंजाब कला भवन चंडीगढ़ की दीर्घा में 2 से 8 अप्रैल 2007 तक किया गया और भारतीय पारम्परिक एवं समकालीन पुतुलों की प्रदर्शनी का आयोजन 3 से 15 अप्रैल 2007 तक पंजाब कला भवन दीर्घा, चंडीगढ़ में किया गया। पुतुल कला के 14 समसामयिक एवं पारंपरिक समूहों ने अपनी प्रस्तुतियां पेश की – बेनिरपुतुल (पश्चिम बंगाल), पारंपरिक धागा पुतुल (असम), कठपुतली (राजस्थान), पारंपरिक धागा एवं छड़ पुतुल (कर्नाटक), पारंपरिक छाया पुतुल (आंध्र प्रदेश), धागा पुतुल (पांडिचेरी) एवं समसामयिक पुतुल दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल एवं महाराष्ट्र की प्रस्तुति की गयी। भारतीय पुतुलों की प्रदर्शनी 'पुतुल यात्रा' का उद्‌घाटन अकादेमी रत्न श्री गुरुशरण सिंह द्वारा 3 अप्रैल, 2007 को किया गया। अभिलेखागार से संग्रहित 208 पारंपरिक व आधुनिक पुतुलों सहित वाद्य यन्त्रों से संबद्धित पुतुलों को प्रदर्शित किया गया। श्री दादी पद्म जी एवं पूरन भाट के पुतुलों को भी प्रदर्शित किया इसके अतिरिक्त चड़ीगढ़ के स्थानीय पुतुलकारों ने भी पुतुल कला का प्रदर्शन किया।

संगीत एवं नृत्य उत्सव, जम्मू

जम्मू में 13 से 15 अप्रैल 2007 तक जम्मू एवं कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित जम्मू महोत्सव में संगीत नाटक अकादेमी द्वारा नृत्य एवं संगीत का कार्यक्रम प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम में निम्न प्रख्यात नर्तकों एवं संगीतकारों का प्रदर्शन देखने को मिला।

13 अप्रैल
सितार एवं सारंगी युगल वादन : प्रतीक चौधरी एवं कमाल साबरी
तबला : अकरम खान
पखावज : फतेह सिंह गंगानी
ओडिसी : किरन सेगल व साथी

14 अप्रैल
ठुमरी : सविता देवी
कथक : गीतांजलि लाल, अभिमन्यू लाल एवं विधा लाल

15 अप्रैल
ध्रुपद गायन : गुंडेचा बन्धु
कूचिपूडि : स्वप्नसुन्दरी

श्री राजीव गाँधी की पुण्य तिथि : 21 मई 2007

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी की पुण्य तिथि के अवसर पर 21 मई 2007 को वीर भूमि में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अकादेमी द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर गंधर्व महाविद्यालय के मधुप मुद्‌गल द्वारा वैदिक मंत्रों का सस्वर पाठ व संगीत प्रस्तुत किया।

भारत के प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह, उपराष्ट्रपति, दिल्ली की मुख्यमंत्री सहित गाँधी परिवार के अन्य सदस्यों ने सभा में भाग लिया।

तिरुवनन्तपुरम में कूटियाट्टम केन्द्र का उद्‌घाटन : 27 मई 2007

कूटियाट्टम के समर्थन व उन्नयन हेतु अकादेमी की वर्तमान परियोजना को विकसित मूर्त स्वरूप देने के उद्देश्य से जुलाई 2007 में अकादेमी ने एक प्रस्ताव पारित किया जिसके अर्न्तगत 27 मई 2007 को तिरुवनन्तपरुम में अकादेमी द्वारा कूटियाट्टम केन्द्र की स्थापना की गई। केरल के पारंपरिक शास्त्रीय संस्कृत नाट्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अकादेमी द्वारा 1991 में कूटियाट्टम योजना आरंभ की गई। कूटियाट्टम परियोजना का उद्देश्य, केरल एवं केरल के बाहर भी वर्तमान संस्थानों एवं कलाकारों को प्रशिक्षण एवं नियमित प्रदर्शन हेतु अनुदान उपलब्ध कराना, पांडुलिपियों के संरक्षण एवं एक वार्षिक आयोजन करना है। यूनेस्कों ने कूटियाट्टम को सन् 2001 में मानवता की सर्वश्रेष्ठ अमूर्त विरासत घोषित किया जिसकी उद्‌घोषणा दिल्ली में आयोजित एक समारोह में की गई। तत्पश्चात् कला को समर्थन देने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय द्वारा भी कूटियाट्टम के लिए एक योजना की शुरुआत की गयी। उपरोक्त विकास के चरणों के आलोक में अकादेमी द्वारा तिरुवनन्तपुरम में कूटियाट्टम के राष्ट्रीय केन्द्र की स्थापना की गई। केन्द्र का उद्‌घाटन 27 मई 2007 को केरल के राज्यपाल श्री आर. एल. भाटिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अकादेमी अध्यक्ष श्री राम निवास मिर्धा, उपाध्यक्ष श्री कावालम नारायण पणिक्कर, अकादेमी के कार्यकारी मण्डल के सदस्यों तथा कूटियाट्टम परिवार के सदस्यों नें समारोह की शोभा बढ़ाई।

युवा रंगकर्मी कार्यशाला, खैरागढ़
3 जुलाई से 1 अगस्त, 2007

छत्तीसगढ़ के युवा रंगकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए अकादेमी द्वारा खैरागढ़ में 3 जुलाई से 1 अगस्त 2007 तक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया तथा युवा रंगकर्मियों को प्रथम चरण का आरम्भिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 21 से 35 वर्ष तक की आयु के उम्मीदवारों के साथ किये गये साक्षात्कार के आधार पर 23 युवा रंग कलाकरों का चयन किया गया जिनमें दो महिलायें थीं। साक्षात्कार में राज्य के विभिन्न भागों जैसे कि जसपुर, कोर्बा, राजनंदगाँव, दुर्ग, रायपुर, रायगढ़, विलासपुर, खैरागढ़ एवं जंजगिरि–चंपा से आये प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रख्यात रंगमंच निर्देशक व अकादेमी पुरस्कार सम्मानित श्री सतीश आनन्द शिविर के निर्देशक थें। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के पूर्व छात्र श्री योगेन्द्र चौबे, स्थानीय संयोजक के रूप में उनकी सहायता कर रहे थे।

प्रख्यात रंगकर्मियों द्वारा रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। संकाय सदस्यों में सतीश आनन्द, दिल्ली (अभिनयः ध्वनि एवं उच्चारण/नाट्य पाठन एवं विश्लेषण), योगेन्द्र चौबे, रायगढ़ (अभिनय), ज्ञानदेव सिंह, खैरागढ़ (योग एवं अंगसंचालन), प्रबीर गुहा, कोलकाता (इम्प्रोवाइजेशन एवं अंग संचालन), पी. गोपीनाथ, तिरुवनन्तपुरम (कलरिपयट्टु), सुमन कुमार, दिल्ली (परिधान सज्जा व दृश्य सज्जा), लोकेन्द्र त्रिवेदी, दिल्ली (रंगमंच संगीत), मिर्जा मसूद, रायपुर (संरचनात्मक प्रलेखन), निरंजन गोस्वामी कोलकाता (मूक अभिनय), राजकमल नायक, रायपुर (काव्य–रंगमंच), ए. एन. राय, खैरागढ़ (रंगमंच प्रबन्धन), बद्री सिंह कथारिया, भोपाल (रूपसज्जा), दिनेश ठाकुर, मुम्बई (प्रस्तुति प्रक्रिया), सुरेश भारद्वाज, दिल्ली (प्रकाश व्यवस्था), देवेन्द्र राज अंकुर, दिल्ली (विश्व रंगमंच पर एक समीक्षा और भारतीय रंगमंच व कहानी का रंगमंच – कथा प्रारूप में रंगमंच) एवं डा. ओमप्रकाश भारती, उपसचिव (नाटक), संगीत नाटक अकादेमी थे।

प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ की लोक परम्पराओं से अवगत कराने के लिए, विभिन्न क्षेत्रीय लोक नाट्यों का प्रदर्शन भी किया गया। इन प्रदर्शनों में दिलीप तारक, बलराम तारक एवं पार्टी द्वारा 'नाचा', नकुल यादव एवं पार्टी द्वारा 'बंस गीत', शांती देवार एवं पार्टी द्वारा 'देवार कर्मागीत' व नृत्य, पी. सी. लाल यादव एवं समूह द्वारा लोक संगीत तथा रामधर साहू एवं राकेश तिवारी द्वारा 'चंदायनी' की प्रस्तुति की गई। डॉ. कप्तान सिंह, डॉ. मांडवी सिंह, डॉ. आई. डी. तिवारी एवं डॉ. भरत पटेल ने योग, नृत्य, शेक्सपीयर के नाटकों एवं छत्तीसगढ़ के लोकगीत एवं नृत्यों पर विस्तृत व्याख्यान दिये।

प्रतिभागियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित नाटकों की वीडियो सी.डी. प्रदर्शित की गयीं।

अन्वेषक (हिन्दी)
लेखकः प्रताप सहगल
निर्देशकः सतीश आनन्द

मृच्छकटिकम् (बिदेशिया शैली में)
लेखकः शूद्रक
निर्देशकः सतीश आनन्द

डाकू (हिन्दी)
लेखकः मुद्राराक्षस
निर्देशकः सतीश आनन्द

खुल जा सिम–सिम (हिन्दी)
लेखकः चन्द्रशेखर काम्बर
निर्देशकः बी.वी. करांत

तुगलक (हिन्दुस्तानी)
लेखकः गिरीश कर्नाड
निर्देशकः दिनेश ठाकुर

रानी देई (हिन्दी)
लेखकः नन्द किशोर तिवारी
निर्देशकः योगेन्द्र चौबे

इसके अतिरिक्त चार्ली चैपलिन की फिल्मों के कुछ दृश्य भी दिखाये गये।

अगस्त 1 को विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रोफेसर गीता पेंटल, कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, समारोह की मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये। राज्य के विभिन्न भागों से आये प्रख्यात रंगकर्मियों एवं कलाकारों के समक्ष कार्यशाला के निर्देशक श्री सतीश आनन्द ने कार्यशाला प्रतिवेदन पढ़ा। प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला में निर्मित नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

नृत्य प्रतिभा, पश्चिमी अंचल, देहरादून : 21 – 24 जुलाई, 2007

संगीत नाटक अकादेमी ने देहरादून में 21–24 जुलाई 2007 तक रूरल इन्ट्रप्रेन्योरशिप एण्ड कल्चरल हेरिटेज व ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन के सहयोग से युवा नर्तकों के लिए नृत्य प्रतिभा उत्सव का आयोजन किया। उत्सव उत्तरी भारत की युवा नृत्य प्रतिभाओं पर केन्द्रित रहा। नर्तक जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल व दिल्ली से अपनी–अपनी कला प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए आए। इस अखिल भारतीय उत्सव में नृत्य शैलियों को व्यापक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त राज्यों के अतिरिक्त देश के अन्य भागों से भी कुछ नर्तकों को आमंत्रित किया गया। समारोह का उद्घाटन उत्तराखण्ड विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरबंस लाल कपूर के कर कमलों से 21 जुलाई को आई.जी.एन.एफ.आर.ए. सभागार में सम्पन्न हुआ तथा उत्सव 22–24 जुलाई तक ए.एम.एन.घोष सभागार, देहरादून में चलता रहा। देहरादून के श्रोताओं ने उत्सव की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम

21 जुलाई

सुमेलिका भट्टाचार्य, दिल्ली – ओडिसी
नम्रता राय एवं श्याम कार्तिक मिश्र, देहरादून – कथक
प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट लेबोरेटरी, इम्फाल – पुंग चोलम
अर्चना तिवारी एवं कुमार गौरव शर्मा, लखनऊ – कथक

22 जुलाई

मंजुला, दिल्ली – मोहिनीआट्टम
सुजनीत कौर, जालंधर – कथक
अपराजिता शर्मा, दिल्ली – भरतनाट्यम
प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट लेबोरेटरी, इम्फाल – रासलीला

23 जुलाई

रंगमण्डली, गुवाहाटी – बेलागुड़ी सत्र : सत्रिय
जॉली मोनी सैकिया एवं पंकज, गुवाहाटी – सत्रिय
अश्वथी के. कुमार, दिल्ली – कुचिपुडि
विरसा जम्मू : कथक

24 जुलाई

सुधा मलिक, गाजियाबाद – ओडिसी
पविथ्रा एवं एस. वासुदेवन, दिल्ली – भरतनाट्यम
शुभ्रा गल्होत्रा, कुरूक्षेत्र – कथक
अकादेमी की छऊ परियोजना के कलाकारों द्वारा – छऊ (मयूरभंज)

संगीत प्रतिभा, पुणे : 11 – 14 अगस्त, 2007

पश्चिमांचल के युवा संगीतकारों पर केन्द्रित एक समारोह 11 से 14 अगस्त 2007 तक ललित कला केन्द्र की भीम सेन जोशी चेयर व सेन्टर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के सहयोग से कार्व रोड स्थित गारवारे कॉलेज सभागार पुणे विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। रंगमंच के ख्याति प्राप्त कलाकार व अकादेमी सम्मानित श्री श्रीराम लागू ने 11 अगस्त 2007 को इस समारोह का उद्घाटन किया। श्री कावालम नारायण पनिक्कर, उपाध्यक्ष, संगीत नाटक अकादेमी की उपस्थिति ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। पुणे के रसिकों ने समारोह की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

समारोह में वीणा, जलतरंग, सारंगी, शहनाई, सुन्दरी एवं सरोद पर कर्नाटक संगीत के उन्नत गायन के अतिरिक्त असम का बोरगीत, मणिपुर का नटसंकीर्तन, उड़ीसा का ओडिसी संगीत, राजस्थानी वाद्य संगीत विशेष उल्लेखनीय रहे।

कार्यक्रम विवरण

11 सितम्बर, सायं 6:00 बजे

अहमद अब्बास खान एवं हसन हैदर खान, कोलकाताः शहनाई
चेतना बनावट, वनस्थलीः हिन्दुस्तानी गायन
मिलिन्द तुलानकर, पुणेः जलतरंग
विकास भारद्वाज,कोटाः सितार

12 अगस्त, प्रातः 10:00 बजे

गोपाल जगदेव एवं समूह, लातूरः पखावज
अमीरूद्दीन खान एवं फारूख खान, जयपुर : सारंगी
पुश्कर लेले, पुणे : हिन्दुस्तानी गायन

12 अगस्त, सायं 6:00 बजे

देवानन्द यादव, औरंगाबाद : हिन्दुस्तानी गायन (ध्रुपद)
डी. श्री निवास, हैदराबाद : कर्नाटक वीणा
आरती आर. नायक, गोवा : हिन्दुस्तानी गायन
हिमान्शु महन्त, बड़ौदा : तबला

13 अगस्त, सायं 6:00 बजे

अल्लारखा कलावन्त, अहमदाबाद : सारंगी
सानिया पटनाकर, पुणे : हिन्दुस्तानी गायन
अरनब चक्रवर्ती, मुम्बई : सरोद

14 अगस्त, सायं 6:00 बजे

विश्वजीत बोड़वानकर, मुम्बई : हिन्दुस्तानी गायन
भिमण्णा जाधव, सोलापुर : सुन्दरी
रूपेश काशीनाथ गावास, गोवा : हिन्दुस्तानी संगीत
अंकित भाट, जयपुर : सितार

स्व. श्री राजीव गाँधी का जन्म दिवस : 20 अगस्त 2007

भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के अनुरोध पर संगीत नाटक अकादेमी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री. राजीव गाँधी के 63वें जन्म दिवस पर वीर भूमि में 20 अगस्त 2007 को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रख्यात नृत्यांगना एवं कोरियोग्राफर श्रीमती माधवी मुद्गल द्वारा नृत्य संरचना की प्रस्तुति की गई।

प्रदर्शनकारी कलाओं की लोक परंपराओं की झलकियाँ : 18 – 19 सितम्बर, 2007

प्रदर्शनकारी कलाओं की लोक परंपराओं की झलकियाँः लोक संगीत एवं नृत्य का उत्सव 18 एवं 19 सितम्बर 2007 को मेघदूत थियेटर में आयोजित किया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लगभग 150 कलाकारों ने उत्सव में भाग लिया। यह उत्सव, न्यूयार्क में 23 से 26 सितम्बर 2007 तक 'इनक्रेडिबल इंडिया@60' अवसर पर प्रस्तुत किये जाने वाले प्रदर्शन का पूर्वदर्शन था।

नृत्य प्रतिभा : मैंगलोर 8 – 11 अक्टूबर, 2007

युवा नृत्यकारों के उत्सव नृत्य प्रतिभा का आयोजन 8 – 11 अक्टूबर, 2007 तक टाउन हॉल मैंगलोर में श्रीदेवी नृत्य केन्द्र के सहयोग से किया गया। उत्सव का उद्घाटन श्रीमती माया राव, निदेशक नाट्य इंस्टीट्यूट ऑफ कथक एण्ड कोरियोग्राफी बैंगलोर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

8 अक्टूबर
एजूकेशनल कल्चरल हारमोनी ऑरगनाइजेशन, मोरंग; पुंग चोलम; मीरा एवं राजामली (कलाक्षेत्र) चेन्नई, भरतनाट्यम; रितुश्री चौधरी, कोलकाताः कथक; अरुपा गायत्री पंडा एवं प्रभात कुमार सेन, भुवनेश्वरः उड़ीसा; मेरी बिनी, बैगलोरः भरतनाट्यम

9 अक्टूबर
संगीत नाटक अकादेमी की छउ परियोजना के कलाकारों द्वारा छऊ (सरायकेला); स्वर्णदीप त्रिसूरः मोहिनीअट्टम; नुतिमाधव एवं मल्लिकार्जुन, हैदराबादः कूचिपूडि, मणिपुर विश्वविद्यालय इम्फाल के नृत्य विभाग के विद्यार्थियों द्वाराः बसन्त रास

10 अक्टूबर
हरी नायर एवं विनोद कुमार, त्रिवेन्द्रम एवं तिरुवल्ला रंगमंडली, कथकलि; अनीता देवी एवं बरनाली दास, गौहाटीः सत्रिय; जनार्दन राज उर्स, बैंगलौरः कथक; सौम्या जी. एस. मैसूर, भरतनाट्यम

11 अक्टूबर
मेघा अहरे, मुंबईः मोहिनीअट्टम; साजी लाल, चेन्नईः भरतनाट्यम; सरस्वती पूर्णिमा, हैदराबादः कूचिपूड़ि; अकादेमी की छऊ परियोजना के कलाकारों द्वारा छउ (मयूरभंज) : छउ

संगीत प्रतिभा, विशाखापट्टनम : 8 – 12 अक्टूबर, 2007

दक्षिण भारत के युवा संगीत कारों पर केन्द्रित एक उत्सव का आयोजन 8 – 12 अक्टूबर, 2007 तक कलाभारती सभागार, पीथामपुरा कालोनी विशाखापट्टनम में आंध्रा म्यूजिक अकादेमी के सहयोग से आयोजित किया गया। अकादेमी पुरस्कृत व प्रख्यात संगीतज्ञ श्री न्यूदरी गोपाल कृष्णामूर्ति ने 8 अक्टूबर, 2007 को उत्सव का उद्घाटन किया। अधिकांश संगीतकार दक्षिण भारतीय राज्यों यथा केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश से आये। संगीत के विभिन्न प्रारुपों एवं अंदाजों के विस्तृत समावेश हेतु हिन्दुस्तानी संगीत गायकों एवं वाद्यकारों को भी शामिल किया गया। विशाखापट्टनम के रसिकों द्वारा इस उत्सव की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

8 अक्टूबर
ए. विजयकार्तिकेयन एवं समूह, चिदांबरम – नादस्वरम्
बी. भव्यालक्ष्मी साजी, त्रिसूर – कर्नाटक गायन
रईस खान, धारवाड़ – सितार

9 अक्टूबर
जयप्रदा रायमूर्ति, हैदराबाद – कर्नाटक बाँसुरी
सिक्किल गुरुचरण, चेन्नई – कर्नाटक गायन
रामकुमार वी. एस. एवं एन. सम्पत, तिरुवनन्तपुरम – कर्नाटक वीणा एवं वायलिन

10 अक्टूबर
रजनी रामचन्द्रन, पुणे – हिन्दुस्तानी गायन
चित्रवीणा पी. गणेश, चेन्नई – चित्रवीणा
कराइकल आर. जयशंकर, पोंडिचेरी – कर्नाटक गायन

11 अक्टूबर
के. लाहिड़ी, विशाखापट्टनम – कर्नाटक गायन
रोहित शर्मा, वरूण झा एवं सलमान खान, दिल्ली – पखावज
कंचन एस. श्री रंजनी एवं कंचन एस. श्रुतिरंजनी, बैंगलोर – कर्नाटक गायन

12 अक्टूबर
आर. श्रीदेव, तिरुवनन्तपुरम – कर्नाटक गायन
हरजीत सिंह, श्रीकांत – ताल वाद्यय कचेहरी
ओम प्रकाश एवं रमाना, हैदराबाद –
वी. सुमित्रा, चेन्नई – कर्नाटक गायन

पुर्वांग नृत्य पर्व, डिब्रुगढ़ : 10 – 12 अक्टूबर 2007

सबिता नृत्य के एक उत्सव का आयोजन डिब्रुगढ़ असम में आयोजित किया गया। डिब्रुगढ़ के जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस उत्सव में असम के विभिन्न हिस्सों से आये सत्रिय कलाकारों नें अपनी कला का प्रदर्शन किया।

10 अक्टूबर
शंकरदेव कृष्टि संघ, उत्तरकमलाबरी, मजुली : ग्यान–ब्यान
तंकेश्वर हजारिका : सबिता नृत्य
गुनाकर देव गोस्वामी गुवाहाटी : सत्रिय नृत्य
रामेश्वर सैकिया बोरबयान, जोरहट : सत्रिय नृत्य
श्रीमंत शंकर देव कला परिषद् : सत्रिय नृत्य
नृत्य भारती ; डुमडुमी : सबिय नृत्य

11 अक्टूबर
पनीरा गाँव कलाकृष्टि केन्द्र, छबुआ : ग्यान–ब्यान
राजूमोनी सैकिया, बरपीटा : सत्रिय नृत्य
डॉ० जगन्नाथ महन्त, अम्गुर, शिवसागर : सत्रिय नृत्य
बेलगुरी सत्रा, लखीमपुर : सत्रिय नृत्य
सत्रिय संगीत विद्यालय, जगीरोड : सत्रिय नृत्य
डिब्रूगढ़ सत्रिय सांस्कृतिक केन्द्र, डिब्रुगढ़ : सत्रिय नृत्य

12 अक्टूबर
सत्रिय संगीत विद्यालय, डिब्रूगढ़ : ग्यान–ब्यान
मृत्युंजय शिल्पी संघ, मजुली : सत्रिय नृत्य

रंग प्रतिभा, भुवनेश्वर : 28 अक्टूबर – 3 नवम्बर, 2007

उड़ीसा के युवा नाट्य निर्देशकों के उत्सव 'रंग प्रतिभा' का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2007 तक उड़ीसा संगीत नाटक अकादेमी के सहयोग से इन्स्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एवं मैटेरियल टेक्नालाजी सभागार – भुवनेश्वर में हुआ। समकालीन नाट्यों में नयी प्रतिभाओं के संवर्धन के लिए विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाले उत्सवों की श्रृंखला में यह ग्यारहवां उत्सव था। इस उत्सव में उड़ीसा के दस युवा निर्देशकों के नाटक दिखाये गये एवं यह अपने आप में अनूठा आयोजन रहा। निर्देशकों एवं अभिनेताओं द्वारा मंचीय नाटकों के लिए लिखित छह नाटक मूल स्क्रिप्ट के साथ प्रस्तुत किये गये। विभिन्न राज्यों के व स्थानीय नाट्य विशेषज्ञों को भी उत्सव के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

28 अक्टूबर
मौंसा, निर्देशकः विपलभ केसरी सत्पथी, जतनी

29 अक्टूबर
नागामण्डल, निर्देशकः नलिनी निहार नायक, भुवनेश्वर

30 अक्टूबर
द्वितीय गाँधी, निर्देशकः सुभाष चन्दर प्रधान, बेलपाद

31 अक्टूबर
जननी जन्मभूमिश्च, निर्देशकः सुष्मिता राणा, बालासोर
आहत मुर्चाना, निर्देशकः कामाक्षी प्रसाद पात्रा, ब्रम्हपुर

1 नवम्बर
तितली, निर्देशकः शिब शंकर त्रिपाठी, भुवनेश्वर
चैटु, निर्देशकः प्रफुल्ल चंद्र सेठी, राउरकेला

2 नवम्बर
कायाकल्प, निर्देशकः विक्रम साहू, पुरी
मेत माँ, निर्देशकः परमेश्वर मुंड, बाबनीपटना

3 नवम्बर
नो एक्जिट, निर्देशकः मानस कुमार साहू मास्क मैन थियेटर अंगुल

नृत्य पर्व, गौहाटी : 15 – 17 नवम्बर, 2007

संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं सस्कृति निदेशालय, असम के सहयोग से सत्रिय नृत्य का कार्यक्रम 'नृत्य पर्व' गौहाटी में 15 – 17 नवम्बर, 2007 तक आयोजित हुआ। अकादेमी परियोजना द्वारा असम की सत्रिय नृत्य एवं संबद्ध परंपराओं के अनुक्रम में इस उत्सव ने एक नियमित वार्षिक समारोह के रुप में अपना स्थान बना लिया है। उत्सव का उद्घाटन असम के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

15 नवम्बर
कमलाबरी सत्रा, तितबोर
पंकज बरूचा एवं जाली मानी सैकिया, गौहाटी
मृदस्मिता दास
जादव हजारिका
संगीत सत्र, गौहाटी
सत्रिय अकादेमी, गौहाटी

16 नवम्बर
श्री श्री मायामोरा दिनजॉय सत्रा, छबुआ
गोरव दत्त एवं मानश्री पठिया
दुर्गेश्वरी बरूआ
यूथ क्लब, मंगलदोई
मनीराम दत्त, मुख्तियार, सत्रिय कल्प केन्द्र, गोहाटी

17 नवम्बर
नतुन कमलाबरी सत्रा, मजुली
द्विजेन बर्मन एवं ड्रीमली गगोई
सतरूपा चटर्जी
गोपाल बरदोलोई
सत्रिय सांस्कृतिक केन्द्र, डिब्रूगढ़
गौहाटी कला केन्द्र

जनजातीय कला उत्सव 'प्रकृति' : 5 – 7 दिसम्बर, 2007

जनजातीय कलाओं के उत्सव प्रकृति का आयोजन संस्कृति मंत्रालय एवं जनजातीय मंत्रालय द्वारा जनजातीय कलाओं के उत्सव प्रकृति का आयोजन आंचलिक संस्कृति केन्द्रों व संगीत नाटक अकादेमी के सहयोग से 5 – 7 दिसम्बर, 2007, मेघदूत थियेटर, रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। उत्सव का उद्घाटन भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्री श्री पी. आर. केडिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर अकादेमी अध्यक्ष श्री रामनिवास मिर्धा, सचिव श्री जयन्त कस्तुआर एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री लव वर्मा उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस उत्सव में इक्कीस राज्यों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

दिल्ली अन्तरराष्ट्रीय कला उत्सव 10 – 23 दिसम्बर, 2007

अकादेमी द्वारा प्रसिद्ध फांउडेशन दिल्ली द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे दिल्ली अन्तरराष्ट्रीय कला महोत्सव का प्रायोजित किया गया। इस उत्सव का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार व भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से किया गया। अकादेमी के मेघदूत थियेटर, रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली में 12 से 16 दिसम्बर तक आयोजित शास्त्रीय नृत्यों सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों को अकादेमी ने प्रायोजित किया गया।

संगीत प्रतिभा सिलीगुड़ी : 27 – 30 दिसम्बर, 2007

पूर्वी भारत के युवा प्रतिभाओं के संगीतकारों पर केन्द्रित 'संगीत प्रतिभा' उत्सव, प. बंगाल राज्य संगीत अकादेमी, कोलकाता के सहयोग से 27 से 30 दिसम्बर, 2007 तक दीनबन्धु मंच सिलीगुड़ी में आयोजित किया गया। इस उत्सव में मुख्य रूप से पूर्वी भारत के राज्यों कोलकाता, धनबाद, गोहाटी, पटना, सिलीगुड़ी एवं भूवनेश्वर के 21 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उत्सव में हिन्दुस्तानी गायन संगीत, सितार, गिटार, शहनाई, तालवाद्य कचेहरी, बाँसुरी, सरोद का प्रदर्शन किया गया। क्षेत्रीय सांगीतिक परंपराओं के विशेष सत्र में असम का बोरगीत, बंगला टप्पा एवं पुरातनी गीत, ओडिसी संगीत एवं मांड राजस्थान शामिल थें। सिलीगुड़ी के रसिको ने इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम विविरण निम्नवत है –

27 दिसम्बर
लोकश आनन्द, दिल्ली – शहनाई
अनल चटर्जी, कोलकाता – हिन्दुस्तानी गायन
सुप्रतीक सेन गुप्त, कोलकाता – सितार

28 दिसम्बर
अर्पिता मुखर्जी, धनबाद – हिन्दुस्तानी गायन
राजकुमार झा, अयोध्या – पखावज
अजय पी. झा, दरभंगा – गिटार

29 दिसम्बर
शब्बीर हुसैन खान एवं उमेश मिश्र, कोलकाता – सारंगी
सबीना मुमताज इस्लाम, गौहाटी – हिन्दुस्तानी गायन
ज्योतिन्द्र प्रसाद मिश्रा एवं के. भुवनेश्वरी, भुवनेश्वर – सितार एवं वायलिन
कुमार रिषीतोश एवं समूह पटना – तालवाद्य कचेहरी

30 दिसम्बर
संतोष कुमार, बोकारो – बाँसुरी
अपर्णा मिश्रा, गया – टपा, ठुमरी
उदय कुमार मिश्रा एवं दीनानाथ मिश्रा, बेतिया – हिन्दुस्तानी गायन
अतीश मुखोपाध्याय – सरोद

30 दिसम्बर (प्रातः कालीन सत्र)
विशिष्ट क्षेत्रीय पारंपरिक संगीत
मिताली डे, गोहाटी – बोरगीत, असम
शौविक सन्याल, सिलीगुड़ी – बंगाल टप्पा एवं पुरातनीगीत,
संगीता पाण्डे, भुवनेश्वर – ओडिसी संगीत, उड़ीसा
पुखराज शर्मा, बीकानेर – मांड, राजस्थान

रंग प्रतिभा : बैंगलोर 6 – 15 जनवरी, 2008

राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों के समकालीन नाट्यों पर युवा रंग प्रतिभाओं के संवर्धन के लिए उत्सवों की एक श्रृंखला अकादेमी ने तैयार की है, इसी श्रृंखला के अन्तर्गत कर्नाटक में युवा निर्देशकों के नाटकों के उत्सव 'रंग प्रतिभा' का आयोजन किया गया।

इस उत्सव का आयोजन कर्नाटक नाट्य अकादेमी बंगलोर एवं कन्नड़ एवं संस्कृति निदेशालय बैंगलोर के सहयोग से 6 – 15 जनवरी, 2008 तक बैंगलोर में किया गया। राज्य की विशेषज्ञ समिति द्वारा चयनित कर्नाटक के युवा निर्देशकों की दस प्रस्तुतियों की पेशकश उत्सव में की गई।

प्रदर्शनों के अतिरिक्त प्रातः कालीन सत्र में स्थानीय एवं प्रतिभागी निदेर्शकों में वैचारिक आदान–प्रदान हुआ। स्थानीय रंगमंच कलाकारों के साथ विचार विनियम हेतु इलाहाबाद से सचिन तिवारी तथा भुवनेश्वर से श्री दुलगोविन्द रथ को अकादेमी द्वारा आमंत्रित किया गया।
कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

6 जनवरी
ऊषाहरण : निर्देशक – श्रीपद भाट

7 जनवरी
दर्शकों : निर्देशक – के. रामकृष्ण

8 जनवरी
भलारे विचित्रम : निर्देशक – शशवेली सतीश

9 जनवरी
परित्यक्ता : निर्देशक – मंजूनाथ एलत्र बदीगेरा

10 जनवरी
हलश्री : निर्देशक – के. आर. ओंकार

11 जनवरी
शर्विदवालु : निर्देशक – मालतेश बदिगेस

12 जनवरी
बाइसिकिल थीव्ज : निर्देशक –श्रीधरमूर्ति जी. जे.

13 जनवरी
8/15, निर्देशक – रितविक सिम्हा

14 जनवरी
कोली : निर्देशक – ए. दक्षियानी भाट

15 जनवरी
मंसुख रायणा मंसू, निर्देशक – वासुदेव वी. गंजर

एकल नाट्य उत्सव कोलकाता : 13 – 15 जनवरी, 2008

श्रीमती ऊषा गांगुली के प्रख्यात नाट्य समूह 'रंगकर्मी' द्वारा एकल नाट्य एकता यात्रा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में प्रख्यात एवं उभरती महिला नाट्य निर्देशकों के एकल प्रदर्शन मुख्य आकर्षण थें।

नृत्य संगम – नृत्योत्सव, जमशेदपुर 20 – 24 जनवरी, 2008

संगीत नाटक अकादेमी द्वारा देश के सुदूर कस्बों एवं शहरों के नृत्य प्रेमियों के लिए वर्ष 2004 से आरम्भ की गई नृत्य श्रृंखला के अन्तर्गत नृत्य संगम उत्सव का आयोजन किया गया जिससे कि एक ही कार्यक्रम में नृत्य की विभिन्न शैलियों को प्रस्तुत किया जा सके। नृत्य संगम श्रृंखलाओं में प्रख्यात कलाकारों द्वारा नृत्य की विविध शैलियों की प्रस्तुतियां पेश की गई। इस वर्ष नृत्य संगम झारखंड सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा कला मंदिर के सहयोग से एक्स एल आर आई के टाटा सभागार जमशेदपुर में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम विवरण निम्नवत हैं –

20 जनवरी
प्रियदर्शिनी गोविन्द, चेन्नई – भरत्नाट्यम
ओम प्रकाश मिश्रा, वाराणसी – कथक

21 जनवरी
मंदाकिनी त्रिवेदी, मुंबई – मोहिनी अट्टम
रिना जना, कोलकोता – ओडिसी
अनुराधा, जोनालगड्डा, हैदराबाद – कुचिपुड़ि

22 जनवरी
इबेमुबी देवी, इंफाल – मणिपुर
कलामंडलम राजशेखरन, त्रिसूर – कथकलि
वसन्ती वैष्णव, बिलासपुर – कथक

23 जनवरी
मिनाति एवं मनोरंजन प्रधान, भुवनेश्वर – ओडिसी
वैभव अरेकर, मुबई – भरतनाट्यम
मार्गी सती, त्रिसूर – ननगायरकोठ

24 जनवरी
अनीता शर्मा, गौहाटी – सत्रिय नृत्य
चित्रा चंद्रशेखर, बैंगलौर – भरतनाट्यम
अदिति मंगलदास, दिल्ली – कथक

बोमालट्टा उत्सव, वारंगल : 18 – 22 जनवरी, 2008

आंध्र प्रदेश की पारंपरिक पुतुल बोम्मालट्टा का उत्सव एसोसियेशन फार द प्रमोशन ऑफ पपेट्री इन आंध्र प्रदेश (ए पी पी ए) के सहयोग से 18 से 22 जनवरी तक वारांगल, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय उत्सव के दो भाग थे : एक आंध्र प्रदेश के पुतुल समूह द्वारा 18 –22 जनवरी तक पुतुल प्रदर्शन तथा दूसरा 20–22 जनवरी 2008 तक।

विशेष प्रलेखन 18–22 जनवरी, 2008 तक किया गया। आंध्र प्रदेश, एवं दिल्ली के पुतुल विशेषज्ञों ने इस उत्सव में भागीदारी की।

नाट्योत्सव – संगीत नाटक अकादेमी के पूर्वी जोन कार्यशाला के चयनित प्रतिभागियों का नाट्योत्सव

संगीत नाटक अकादेमी की पूर्वी अंचल कार्यशाला के (चरण दो) के प्रतिभागियों के चयनित नाटकों का उत्सव 'नाट्योत्सव' 28 जनवरी से 3 फरवरी तक कालिदास रंगालय, पटना में आयोजित किया गया।

इन प्रदर्शनों के अतिरिक्त प्रातः कालीन सत्र में प्रतिभागी एवं स्थानीय निर्देशकों के बीच पारस्परिक विचार–विनिमय होता था। प्रस्तुत किये गये नाटकों का विवरण इस प्रकार हैं :

28 जनवरी
उत्तरप्रियदर्शी, निर्देशक – संतोष कुमार राणा
समझौता, निर्देशक – परवीन कुमार गुंजन

29 जनवरी
दुनिया रोज बदलती है, निर्देशक – संतोष कुमार झा
सैक्रिफाइज़, निर्देशक – देबाशीष दत्ता

30 जनवरी
प्रकृति, निर्देशक – कीर्ति मजूमदार
अश्वथामा, निर्देशक – सुमन साहा

1 फरवरी
ओरिजनल काम, निर्देशक – रविभूषण कुमार
आज, कल या परसों, निर्देशक – मो. महमूद आलम

2 फरवरी
रोमियो, जूलियट और अंधेरा, निर्देशक – मानवेन्द्र कुमार त्रिपाठी
रूंध वाक, निर्देशक – अतुल सरकार

3 फरवरी
बाकी इतिहास, निर्देशक – मृगेन्द्र कुमार
अजब देशार अजब राजा, निर्देशक – शेवाल दास

संगीत संगम, इन्दौर : 14 – 18 फरवरी, 2008

संगीत नाटक अकादेमी ने 14 से 18 फरवरी, 2008 तक 'संगीत संगम' उत्सव का आयोजन इन्दौर में किया। हिन्दुस्तानी संगीत के प्रख्यात गायकों एवं वाद्य कारों ने दक्षिण भारतीय संगीत–तालवाद्य कचेहरी एवं सरस्वती वीणा पर कर्नाटक संगीत गायन प्रस्तुत किया। उत्सव में वरिष्ठ संगीतकारों ने क्षेत्रीय संगीतिक परंपराओं यथा उत्तर प्रदेश के हवेली संगीत गायन, महाराष्ट्र के नाट्य संगीत एवं राजस्थान के मांड की प्रस्तुतियां पेश की। उत्सव का आयोजन लोक संस्कृति मंच इन्दौर के सहयोग से किया गया। उत्सव का उद्घाटन श्रीमती मेयर, महापौर उमा शशि शर्मा द्वारा किया गया। समापन भाषण, देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय के कुलपति श्री भागीरथ प्रसाद द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

14 फरवरी
दया शंकर, दिल्ली – शहनाई
रमाकांत पाठक एवं समूह, लखनऊ – पखावज
राजशेखर मंसूर, बैंगलोर – हिन्दुस्तानी गायन

15 फरवरी
चारुमती रामचन्द्रन, चेन्नई – कर्नाटक गायन
कार्तिक कुमार, मुंबई – सितार
वसुंधरा कोमकली, देवास – हिन्दुस्तानी गायन

16 फरवरी
ऋत्तिक सन्याल, वाराणसी – हिन्दुस्तानी गायन (ध्रुपद)
एवं असित कुमार बनर्जी, कोलकाता एवं रुद्र वीणा
गोपाल चन्द्र नन्दी, लखनऊ – हिन्दुस्तानी वायलिन
मुराद बानो, छपरा – हिन्दुस्तानी गायन संगीत (ठुमरी, दादरा आदि)

17 फरवरी
हंसवाहिनी, दिल्ली – कर्नाटक वीणा वृन्द
लीलावती अडसुले, इन्दौर – हिन्दुस्तानी गायन
बृज नारायण, मुंबई – सरोद
छन्नूलाल मिश्रा, वाराणसी – हिन्दुस्तानी गायन (ठुमरी, दादरा, आदि)

18 फरवरी
निरंजन हल्दर, इन्दौर – विचित्र वीणा
लयशक्ति, दिल्ली – तालवाद्य कचेहरी
णि प्रसाद, दिल्ली – हिन्दुस्तानी गायन

क्षेत्रीय सांगीतिक परम्पराओं का विशेष सत्र
सत्यभान शर्मा, आगरा – हवेली संगीत, उत्तर प्रदेश
सुनील मसूरकर, इन्दौर – नाट्य संगीत, महाराष्ट्र
मुरारी शर्मा, बीकानेर – मांड, राजस्थान

आक्टेव 2008, तिरुवनन्तपुरम : 17 – 21 फरवरी, 2008

संस्कृति मंत्रालय तथा संगीत नाटक अकादेमी द्वारा दिल्ली में 'सेलिब्रेटिंग द नार्थ ईस्ट उत्सव' जिसकी शुरुआत वर्ष 2006 में हुई थी, का आयोजन फरवरी 2008 में तिरुवनन्तपुरम में हुआ। संगीत नाटक अकादेमी ने पूर्वोत्तर के नाट्यों के उत्सव का आयोजन 17 – 21 फरवरी, 2008 तक टैगोर थियेटर में किया। अकादेमी ने उत्सव में पूर्वोत्तर के शास्त्रीय नृत्यों यथा मणिपुरी नृत्य एवं सत्रिय नृत्यों की प्रस्तुति को भी प्रायोजित किया। नृत्यकारों ने तत्पश्चात् केरल में अपनी कला प्रस्तुति के लिए चेरुथुरथी एवं कोच्चि का भ्रमण किया। अकादेमी ने उत्सव की सम्पूर्ण आयोजन के लिए साउथ जोन कल्चरल सेन्टर को परामर्श एवं सहयोग भी दिया।

नृत्य प्रतिभा, पटना : 9 – 13 मार्च, 2008

बिहार संगीत नाटक अकादेमी एवं निनाद के सहयोग से युवा नर्तकों के उत्सव 'नृत्य प्रतिभा' का आयोजन 9 – 13 मार्च, 2008 तक श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, गाँधी मैदान, पटना में किया गया। उत्सव का उद्घाटन श्री जनार्दन सिंह सिगरीवाल, बिहार के सांस्कृतिक एवं युवा कार्य मंत्री द्वारा 9 मार्च, 2008 को किया गया। कार्यक्रम निम्नवत है –

9 मार्च
देबाश्री पटनायक एवं पंकज कुमार प्रधान, भुवनेश्वर – ओडिसी
रश्मि उप्पल, दिल्ली – कथक
सुतापा प्रधान, मेदिनीपुर – भरतनाट्यम
शुभ्रा पात्रा एवं प्रोतिम दास, कोलकाता – कथक
मणिपुरी नर्तनालय, कोलकाता एवं इम्फाल – पुंग चोलम

10 मार्च
शर्वणी दास, पटना – ओडिसी
रितुश्री चौधरी एवं सुमन साहा, कोलकाता – सृजनात्मक एवं प्रयोगात्मक नृत्य
बॉबी चक्रवर्ती, खिलपाड़ा – कूचिपूड़ि
नम्रता एवं सुचित्रा मिश्रा, बोकारा – कथक
मणिपर नर्तनालय, कोलकाता एवं इम्फाल – रासलीला

11 मार्च
भोगपुर सत्रा, मंजुली – सत्रिय
सेउजप्रिया बोरठाकुर, गौहाटी – कथक
सोहनी देवनाथ, कोलकाता – ओडिसी
स्मिता पाणि एवं प्रवीण मोहन्ती, राउरकेला – ओडिसी
कलामंडलम वैशाख, त्रिसूर – कथकलि

12 मार्च
राजीव रंजन, पटना – कथक
कलामंडलम वीणा वारियर, चेरुथुर्थी – मोहिनीअट्टम
टी. एम. श्रीदेवी, चेन्नई – भरतनाट्यम
सौरव रॉय, सिलीगुड़ी – कथक
आर्टिस्ट ऑफ मयूर आर्ट सेन्टर, भुवनेश्वर – छऊ (मयूरभंज)

13 मार्च
सुदीपा बोस, पटना – भरतनाट्यम
त्रिनेत्र छउ डांस सेन्टर, सरालकेला – छउ
स्वाती सिन्हा, बिहार – कथक
मणिपुरी नर्तनालय कोलकोता एवं इम्फाल – ढोल चोलम

रंग प्रतिभा, जम्मू : 9 – 16 मार्च, 2008

संगीत नाटक अकादेमी द्वारा युवा नाट्य निर्देशकों को प्रोत्साहन देने की अपनी योजना के अर्न्तगत युवा निर्देशकों की प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न राज्यों में उत्सवों का आयोजन किया जाता है। 'रंग प्रतिभा' उत्सव का आयोजन जम्मू एवं कश्मीर की कला संस्कृति एवं भाषाओं की अकादेमी, के सहयोग से 9 से 16 मार्च 2008 तक जम्मू में किया गया।

उत्सव में, कला, संस्कृति एवं भाषाओं की अकादेमी जम्मू एवं कश्मीर अकादेमी द्वारा बनायी गयी एक विशेषज्ञ समिति द्वारा चयनित जम्मू–कश्मीर के सात युवा निर्देशकों के नाटकों की प्रस्तुति की गयी।

मंचीय प्रदर्शनों के अतिरिक्त प्रातः कालीन सत्र में प्रतिभागी निर्देशकों एवं स्थानीय व बाहर से आये विशेषज्ञों एवं नाट्य निरीक्षकों में पारस्परिक विचार–विनिमय किया जाता था। बैंगलोर से श्रीमती बी. जयश्री एवं गोहाटी से श्री दुलाल रॉय को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम विवरण निम्नवत् है –

9 मार्च
कॉमेडी ऑफ टेरर, निर्देशक – संजीव गुप्ता

10 मार्च
त्रिनोय, निर्देशक – बुज्जम्मिल हयात

11 मार्च
जमाने पाक ने हम दम सयेदे, निर्देशक – आशिक हुसैन

12 मार्च
यात्रा, निर्देशक – वर्षा डोगरा

13 मार्च
दिल ते दीवार, निर्देशक – रियाज अहमद

14 मार्च
शिनाख्ती कार्ड, निर्देशक – एम अशरफ नागो

15 मार्च
माइंड गेम्स, निर्देशक – सुमित शर्मा

रंग संगम नाट्योत्सव, मुम्बई : 23 – 31 मार्च, 2008

समकालीन नाट्य उत्सव 'रंग संगम' में प्रख्यात निर्देशकों द्वारा देश के विभिन्न भागों में नृत्य के क्षेत्र में निरन्तर विकसित हो रहे विविध भाषाओं के सृजनात्मक विचारों, तरीकों एवं तकनीकों की प्रस्तुतियां पेश की जाती हैं। प्रतिभागी निर्देशक विविध शैलियों, प्रारुपों को प्रदर्शित करने के साथ–साथ आज की पीढ़ी द्वारा सृजित महत्वपूर्ण रंगमंचीय विचारों को भी यथा संभव प्रतिबिंबित करते हैं।

अपनी तरह के इस दूसरे 'रंग संगम नाट्योत्सव' का आयोजन अकादेमी ऑफ थियेटर आर्ट्स, मुंबई विश्वविद्यालय के सहयोग से 23 – 31 मार्च, 2008 तक मुंबई में हुआ। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है –

23 मार्च
तमाशा, महाराष्ट्र का पारंपरिक रंगमंच प्रारुप

24 मार्च
कनुप्रिया (हिन्दी), निर्देशक – अर्जुन देव चरणन, जोधपुर

25 मार्च
बगदाद बर्निंग (हिन्दी), निर्देशक – कीर्ति जैन, दिल्ली

26 मार्च
जाता नहीं जात (मराठी), निर्देशक – गिरीश अरविन्द पताके, मुंबई
माटी (उड़िया), निर्देशक – सुबोध पटनायक, भुवनेश्वर

27 मार्च
खेल (मराठी), निर्देशक – मिलिन्द इनामदार, मुंबई

28 मार्च
सोजन बादयार (बंग्ला), निर्देशक – गौतम हालदार, कोलकाता

29 मार्च
महामायी (कन्नड़), निर्देशक – सी. बासवलिंगा, बैंगलौर
हरिश्चन्नर की लड़ाई (हिन्दी), निर्देशक – उर्मिल कुमार थपियाल, लखनऊ

30 मार्च
केम मंकाजी क्या चालया (गुजराती), निर्देशक – पी. सी. चारी, बड़ोदरा
रत्तदी रत्त (डोगरी), निर्देशक – मुश्ताक काक, जम्मू

31 मार्च
जुलवा (मराठी), निर्देशक – वामन केन्द्र, मुंबई

'नृत्य कृति' अहमदाबाद : 24 – 26 मार्च, 2008

'नृत्य कृति' नामक कोरियोग्राफी का उत्सव 24 – 26 मार्च, 2008 तक अहमदाबाद में आयोजित किया गया। उत्सव का उद्घाटन श्रीमती कुमुदनी लाखिया एवं श्री वरूण मैरा, प्रधान सचिव (संस्कृति) गुजरात सरकार, द्वारा टैगोर हॉल, गुजरात में किया गया।

अपनी तरह के इस पहले 'नृत्य कृति' उत्सव को पहली बार अहमदाबाद में प्रस्तुत किया गया। द्वितीय पीढ़ी के नृत्य संरचनाकार यथा प्रीति पटेल, मधु नटराज, संगीता शर्मा, झेलम परांजपे एवं लोकेन्द्रजीत सिंह की संरचनाएं इस उत्सव में पेश की गयी। नृत्य भारती पुणे के कलाकारों ने प्रख्यात कोरियोग्राफर रोहिणी भाटे की नृत्य संरचनाओं की प्रस्तुति की। कार्यक्रम विवरण निम्नवत् है –

24 मार्च
नहाल नांग ..... वन्स अपानए टाइम, अंजिका, कोलकाता एवं इंफाल, कोरियोग्राफी – प्रीति पटेल, मंडला एवं युग्मः
स्टेम बैंगलौर, कोरियोग्राफी – मधु नटराज

25 मार्च
कथक ओडिसी, नृत्य भारती, पुणे कोरियोग्राफी – रोहिणी भाटे, बहती गंगा, संगीता शर्मा एवं भूमिका, दिल्ली के सदस्य, कोरियोग्राफी – संगीता शर्मा

26 मार्च
लीलावती, स्मितालय, मुंबई
कोरियोग्राफी – झेलम परांजपे
वाइनू परेंग, जवाहर लाल नेहरु मणिपुर डांस एकेडेमी, मणिपुर
कोरियोग्राफी – लोकेन्द्रजीत सिंह

पुतुल कला का पारंपरिक प्रदर्शन, मेघदूत थियेटर, नई दिल्ली

एक नयी पहल करते हुए, अकादेमी ने नई दिल्ली में पुतुल कला के पारंपरिक प्रदर्शन की शुरुआत की। मेघदूत थियेटर–2 में आयोजित कार्यक्रम विवरण निम्नवत हैं – कालसूत्री बाहुल्य, महाराष्ट्र, 27 जुलाई, 2007, प्रस्तुतिः गणपत सखाराम मस्गे; कठपुतुली का खेल, राजस्थान का

धागा पुतुल, 21 सितंबर, 2007, प्रस्तुति : प्रेमभाट; तोगालु गोम्बेयाट्टा, कर्नाटक की छाया पुतुल का प्रदर्शन, 27 एवं 28 नवम्बर, 2007, प्रस्तुति प्रभाग गारोड।

संगीत तथा नृत्य के विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय केंद्रों की स्थापना

विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय केंद्रों की स्थापना की योजना के तहत अकादेमी ने तीन राष्ट्रीय परियोजनाएं स्थापित की हैं जो असम के सत्रिय नृत्य और संबद्ध परंपराओं, मयूरभंज (उड़ीसा) और सरायकेला झारखंड के छऊ नृत्य तथा कुटियट्टम यानी केरल के संस्कृत थिएटर पर आधारित है। इन परियोजनाओं की शुरुआत क्रम से 2002, 1994 और 1991 में हुई थी। इन्हें टोटल केयर प्रोग्राम के रूप में डिजाइन किया है और ये संबंधित कला रूपों को अच्छा–खासा समर्थन देते हैं। इससे लंबे समय में इन कलाओं को सीखने या इन्हें व्यवहार में लाने के लिए राभट्रीय केंद्रों की स्थापना हो सकती है या मौजूदा संस्थाओं का विकास राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्वपूर्ण केंद्र के रूप में करने में सहायता मिल सकती है। इन परियोजनाओं में से प्रत्येक में प्रशिक्षण गतिविधियों, उत्पादन और प्रदर्शन मौकों का प्रावधान बनता है, इन कलाओं को समर्पित नए त्यौहारों की शुरुआत होती है और अनुसंधान, दस्तावाजों आदि के रूप में समर्थन मिलता है।

I. कूटियाट्टम की सहायता के लिए परियोजना

अकादेमी ने मई 1991 में केरल के शास्त्रीय संस्कृत रंगमंच, कूटियाट्टम की सहायता के लिए परियोजना शुरू की थी। इसका उद्देश्य कला के इस रूप को बुजुर्ग गुरुओं से युवा पीढ़ी को स्थानांतरित करने और इस क्षेत्र के प्रशिक्षित कलाकारों को प्रदर्शन के मौके मुहैया कराने तथा इस तरह, इस कला को पुनर्जीवित करने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया को सुनिश्चित और समर्थन करना था।

मार्गी, तिरुवनंतपुरम

थिरूवनंतपुरम में मार्गी एक ऐसी संस्था है जो केरल के कुटियट्टम और अन्य प्रदर्शनकारी कलाओं के प्रचार–प्रसार के लिए काम कर रहा है। अकादेमी ने इस संस्थान की पहचान एक ऐसे केंद्र के रूप में की है जो प्रशिक्षित कलाकारों को नियमित प्रदर्शन के मौके मुहैया कराता है। इस परियोजना के तहत अकादेमी थिरूवनंतपुरम में साल में 24 प्रदर्शन (महीने में 2 प्रदर्शन) को सपोर्ट करती है। पुराने नाटकों को पुनर्जीवित करने और उनके प्रोडक्शन का काम भी गुरू कोचुकुट्टन चकयार के तहत वर्ष 2000 में शुरू किया गया था। यह प्रोग्राम कुटियट्टम प्रदर्शन के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने की दिशा में बढ़ रहा है और इस तरह कला के लिए भरोसेमंद आधार बना रहा है।

अम्मनुर चाचु चाकयार स्मारक गुरुकुलम इरिनजलकुडा

अकादेमी गुरुकुलम को वित्तीय सहायता मुहैया करा रही है ताकि गुरु अम्मन्नुर माधव चकयार के तहत इस संस्थान का विकास कुटियट्टम में प्रशिक्षण के लिए एक आदर्श केंद्र के रूप में किया जा सके। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और साथियों को भुगतान करने के साथ–साथ चुने हुए प्रशिक्षुओं को छात्रवृत्ति भी दी जाती है। इरिनजलकुडा के प्रशिक्षुओं को प्रदर्शन और आउटरीच प्रदर्शन के लिए वित्तीय सहायता इस कार्यक्रम के भाग के रूप में दी जा रही है।
गुरू पीके नारायण नाम्बियार के तहत मिझावु और लक्किडी में पथकम तथा विधुशुका की भूमिका के लिए प्रशिक्षण भी इस परियोजना के भाग हैं।

केरल कलामंडलम चेरूथुरुती

केरल कलामंडलम चेरूथुरुती इस क्षेत्र में एक सरकारी संस्था है। इसे साल में आउटरीच प्रदर्शन के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराई जा रही है। राज्य के भिन्न हिस्सों में प्रदर्शन की योजना स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर बनाई जाती है।

II. छऊ नृत्य सहायता परियोजना

मयूरभंज और उड़ीसा के छऊ नृत्य की सहायता के लिए प्रोजेक्ट की शुरुआत 1994 में की गई थी। इसका उद्देश्य इस नृत्य को सीखने और करने की प्रक्रिया में नई ताजगी लाना था और इसके लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता सुनिश्चित की जानी थी तथा इस कला को भविभय की पीढ़ी को स्थानांतरित किया जाना था। इस परियोजना में इस समय

चल रह कोडिफिकेशन, डॉक्यूमेंटेशन और प्रशिक्षण विधि के मानकीकरण को भी सपोर्ट किया जाना है। इतना ही नहल, इसके साथ–साथ नृत्य के संग चलने वाले संगीत, रंगपटल, कॉस्ट्यूम और मास्क (मुखौटे) के के मानकीकरण का भी काम चल रहा है। इस परियोजना के तहत सहायता वरिभठ कलाकारों को दी जाती है जिनकी आयु 50 से 60 साल तक है।

मयूरभंज छऊ

अकादेमी ने मयूरभंज क्षेत्र के छऊ नृत्य को पुनर्जीवित करने और उसके विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस समय श्री अलक निरंजन बिसोई और श्री अजय बैठा नृत्य शिक्षक के रूप में लगे हुए हैं। श्री बिघ्नराज ढडा छात्रों को ढोल बजाने, श्री बिदेशी बैठा मोहुरी और श्री मिहिर कुमार दास संगीत सीखाते हैं। इनके अलावा श्री रमा कांत सेन और श्री रामचंद्र दास मयूरभंज में सहायक शिक्षक के रूप में लगे हुए हैं। श्री त्रिलोचन महंत रायरंगपुर में शिक्षक हैं। इस परियोजना का प्रशिक्षित कलाकारों का अपना रंगपटल है जो नृत्य व संगीत में प्रशिक्षित हैं। ये लोग देश के भिन्न हिस्सों में अकादेमी द्वारा आयोजित किए जाने वाले नृत्य समारोहों में नियमित रूप से प्रदर्शन करते हैं। इस योजना के तहत अकादेमी चैत्र पर्व के आयोजन के लिए भी वित्तीय सहायता मुहैया कराती है। इस त्यौहार के साथ छऊ नृत्य का संबंध परंपरागत रूप से है।

सरायकेला छऊ नृत्य

सरायकेला छऊ नृत्य में प्रशिक्षण का आयोजन गुरू जयनारायण समल द्वारा किया जा रहा है। इसमें उनकी सहायता श्री सुकांत कुमार आचार्य कर रहे हैं। परियोजना के तहत श्री मकरद्वज दरोगा और श्री बिसो खंडेलवाल परिखंडा में आचार्य छऊ नृत्य बिचित्र, सरायकेला में जुलाई 1998 से नृत्य सीखाते रहे हैं। शहनाई बजाने का प्रशिक्षण गुरू सुधांशुशेखर पाणि, ढोल बजाने का गुरू मंगला मुखी और नृत्य का प्रशिक्षण (राजकीय छऊ नृत्य केंद्र, सरायकेला द्वारा संयोजित) सितंबर 1998 में शुरू हुआ था। प्रशिक्षण प्रोग्राम का विस्तार करते हुए श्री शशिधर आचार्य मई 2003 से दिल्ली में सरायकेला छऊ नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

मुखौटा निर्माण में प्रशिक्षण

सरायकेला के छऊ नृत्य को सपोर्ट करने के ऐकेडमी के प्रोजेक्ट के तहत दो गुरुओं श्री सुशांत कुमार महापात्र और श्री कन्हाई लाल महाराणा के नेतश्त्व में मुखौटा (मास्क) बनाने का प्रशिक्षण चार–चार प्रशिक्षुओं के साथ मई 2002 में शुरू हुआ था।

जमशेदपुर में 11 और 12 अगस्त 2004 को हुई बैठक में समीक्षा समिति की सिफारिश पर सरायकेला स्थित राजकीय छऊ डांस सेंटर द्वारा संयोजित नृत्य और संगीत के प्रशिक्षण कार्यक्रम को आचार्य छऊ नृत्य बिचित्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत आने वाले कलाकारों को अकादेमी और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले भिन्न समारोहों में प्रयोजित किया जा रहा है।

III. सत्रिय नृत्य और असम की संबद्ध परंपराओं की सहायता के लिए परियोजना

सत्रिय नृत्य और असम की संबद्ध परंपराओं की सहायता के लिए एक प्रोजेक्ट की शुरुआत नवंबर 2002 में हुई थी। इसका उद्देश्य परंपरा के संरक्षण और इसे उसके परंपरागत संदर्भ में बनाए रखना तथा इसके आगे के विकास के लिए प्रावधान करना है। इस परियोजना में नृत्य संस्थाओं और चिन्हित सत्र में चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सहायता शामिल है। सत्रिय नृत्य और संगीत में प्रशिक्षण और विकास के अलावा यह परियोजना विषय पर अनुसंधान, डॉक्यूमेंटेशन और प्रकाशन तथा सत्रिय नृत्य के वार्षिक समारोह तथा असम के बाहर सत्रिय नृत्य की प्रस्तुति के लिए है।

इस परियोजना के तहत गुरू गोविन्द सैकिया और गुरू जतिन गोस्वामी के तहत नृत्य प्रशिक्षण, संगीत में प्रशिक्षण गुरू प्रभात शर्मा के तहत और नृत्य व संगीत में प्रशिक्षण गुरू घनकंटा बोरा के तहत अक्तूबर 2003 में शुरू किया गया था।

पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं का संरक्षण एवं उन्नयन

यह योजना, संगीत, नृत्य और रंगमंच के उन रूपों को सपोर्ट करने की है जो लुप्त प्राय हैं। अकादेमी द्वारा प्रोत्साहन के लिए शिक्षकों को मानदेय और छात्रों को वजीफे दिए जाते हैं। कोशिश है कि इन कला रूपों को सीखने–सिखाने की परंपरागत प्रक्रिया के जरिए जीवित रखा जाए। योजना के तहत प्रशिक्षण के अलावा उन युवा कलाकारों को समर्थन भी दिया जाता है जो कला की अभ्यास करने वाले परंपरागत परिवारों और घरानों से आते हैं और आमतौर पर सहायता प्राप्त नहीं करते हैं। इस योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किये गये हैं –

इस वर्ष के दौरान श्री डालचंद शर्मा (दिल्ली), श्री रमाकांत पाठक (लखनऊ) एवं श्री रामाशीश पाठक (दरभंगा) के सरंक्षण में पखावज का प्रशिक्षण कार्यक्रम; पुणे में श्री प्रमोद गायकवाड़ एवं शोलापुर में श्री भिमण्णा जाधव के संरक्षण में सुन्दरी का प्रशिक्षण कार्यक्रम; बेतिया (बिहार) में श्री इन्दर किशोर मिश्रा के संरक्षण में ध्रुपद का प्रशिक्षण कार्यक्रम; दिल्ली में श्री अनंत लाल के संरक्षण में शहनाई का प्रशिक्षण; जयपुर में श्री रमजान खॉन के संरक्षण में सारंगी का प्रशिक्षण; लखनऊ में श्री कुमार मिश्रा के संरक्षण में मयूरी वीणा का प्रशिक्षण; लखनऊ में श्री अग्गन खॉ के संरक्षण में नक्कार का प्रशिक्षण; चेन्नई में श्रीमती इंदिरा रंजन के संरक्षण में नट्टुवंगम में प्रशिक्षण एवं केरल में श्री मन्नूर चन्द्रम के संरक्षण में पोरत्तुनाटकम् तथा लोक रंगमंच में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त राजस्थान की कठपुतली एवं उड़ीसा का छाया पुतुल 'रावण छाया' में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

प्रकाशन

अकादेमी का प्रकाशन कार्यक्रम 1953 में इसकी स्थापना के तुरंत बाद शुरू किया गया था। इसमें प्रदर्शनकारी कला पर पुस्तकें और मोनग्राफ और द्विमासिक पत्रिका 'संगीत नाटक' शामिल है। 'संगीत नाटक न्यूज बुलेटिन' एवं इसका हिन्दी संस्करण 'संगीत नाटक समाचार' तिमाही प्रकाशन हैं। इसके अलावा, संगीत, नृत्य और नाटक पर प्रकाशन को बढ़ावा देने के लिए अकादेमी लेखकों और प्रकाशकों को अंग्रेजी व भारतीय भाषाओं में पुस्तकों और पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए अनुदान से सहायता करती है। अकादेमी के उपलब्ध प्रकाशनों की सूची परिशिष्ट V में है। आलोच्य अवधि में संगीत, नृत्य एवं नाटक पर तीन पुस्तकें प्रकाशित हुई (1) रवीन्द्र नाथ टैगोर वन हन्ड्रेड सांग्स इन स्टफ नोटेशन, इंदिरा देवी चौधुरानी द्वारा संग्रहीत (2) क्लैसिकल इंडियन डांस इन लिटरेचनर एंड द आर्ट्स, द्वारा कपिला वात्स्यायन (3) इंडियन ड्रामा इन रिट्रासपेक्ट (इन्ट्रोडक्शन बाई जयन्त कस्तुआर), प्रथम दोनों पुस्तकें की मांग होने के कारण पुनः प्रकाशित हुई हैं जबकि तीसरी पुस्तक अकादेमी द्वारा वर्ष 1956 में नाटक पर आयोजित प्रथम सेमिनार में प्रस्तुत किये गये पेपरस का सम्पादित संग्रहण है।

इस समयावधि में संगीत नाटक (वोल्यूम 41, अंक संख्या 1, 2007) द संगीत नाटक अकादेमी न्यूज बुलेटिन (सं. 19, 2007) एवं संगीत नाटक समाचार (अंक–11, 2007) के अंक प्रकाशित हुए। प्रदर्शनकारी कलाओं की निम्नलिखित पत्रिकाओं एवं पुस्तकों को वित्तीय सहायता दी गई –

पत्रिकाएँ : (1) श्रुति (अंग्रेजी) वी. रामनारायण द्वारा संपादित – 1,00,000 रुपये; (2) बोहरुपी (बांग्ला), कुमार रॉय द्वारा संपादित – 50,000 रुपये; (3) समय नाट्यभाषा (बांग्ला), शेखर समादार द्वारा संपादित – 30,000 रुपये; (4) असमयार नाट्य भावना (बांग्ला), रंगम दत्त गुप्ता द्वारा संपादित – 35,000 रुपये; (5) अनन्ययुध (बांग्ला), स्वप्न रॉय द्वारा संपादित – 30,000 रुपये; (6) नर्तनाम (अंग्रजी), एम. नागभूषण शर्मा द्वारा संपादित – 50,000 रुपये; (7) सायक नाट्य पात्र (बांग्ला), मेघनाद भट्टाचार्य द्वारा संपादित – 35,000 रुपये; (8) लोकवार्ता शोध पत्रिका (हिन्दी), अर्जुन दास केसरी द्वारा संपादित – 10,000 रुपये; (9) स्तूद्रक (अंग्रेजी एवं बांग्ला), देबाशीष मजूमदार द्वारा संपादित – 25,000 रुपये; (10) माइम (अंग्रेजी) रनेन चक्रवर्ती द्वारा संपादित – 15,000 रुपये; (11) मुखाभिनय (बांग्ला), रनेन चक्रवर्ती द्वारा संपादित – 15,000 रुपये; (12) इप्टावार्ता (हिन्दी), हिमांशु रॉय द्वारा संपादित – 30,000 रुपये; (13) पोलिका (मलयालम) के. चन्द्रमोहन द्वारा संपादित – 40,000 रुपये; (14) नटरंग (हिन्दी), अशोक वाजपेयी एवं रश्मि वाजपेयी द्वारा संपादित – 80,000 रुपये; (15) अभिमन्यु (तेलगु एवं अंग्रेजी), श्री श्रीनिवास द्वारा संपादित – 50,000 रुपये; (16) नाटक बूद्रेती (गुजराती), हंसमुख बरादी द्वारा संपादित – 40,000 रुपये।

किताबें: (1) देखा देखी बात (हिन्दी), श्याम शर्मा द्वारा लिखित रु. 25,000; (2) कानपुर के रंगमंच का इतिहास (हिन्दी), सर्वेश कुमार द्वारा लिखित रु 6,309'; (3) जीवराम भाट अव्य–शब्द स्मृति (गुजराती), प्रो. दिनकर भोजक द्वारा लिखित रु. 15,000; (4) राइटिंग ऑन म्यूजिक (अंग्रेजी) डॉ. वी. राघवन द्वारा लिखित रु. 77,250'; (5) भरतनाट्यम (तमिल), डॉ. वी. राघवन द्वारा लिखित रु. 9,375' (6) अभिमन्यु

अर्पण (अंग्रेजी), इमरान मर्चेन्ट एवं काजी लताफत हुसैन द्वारा लिखित रु. 30,000।

यह राशि उल्लिखित प्रकाशनों के 50% अनुदान को दर्शाती है जबकि जो किताबें अभी प्रकाशानाधीन हैं, उन पुस्तकों को प्रकाशित होते ही समान राशि प्रकाशकों को उपलब्ध करा दी जायेगी।

प्रलेखन

2007–08 के दौरान 8,765 श्वेतश्याम और रंगीन फोटोग्राफ, 345 घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग और 102 घंटे की ऑडियो रिकॉर्डिंग अकादेमी के अभिलेखागार में शामिल की गईं। अभिलेखागार में (मार्च 2008 तक) कुल होल्डिंग 2,11,187 श्वेतश्याम और रंगीन फोटो, 40,443 रंगीन स्लाइड, 6,583 घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग और 7,164 घंटे की ऑडियो रिकॉर्डिंग के साथ–साथ 16 मिमी फिल्म की करीब 1.44 लाख फीट सामग्री है।

अकादेमी ने इतने वर्षों में प्रदर्शनकारी कला के ऑडियो/वीडियो टेप, फोटोग्राफ और फिल्म का बड़ा संग्रह तैयार किया है। 1981 से इसने अपनी होल्डिंग में वीडियो टेप भी शामिल किए हैं। इस सामग्री का वितरण ऑडियो और वीडियो देखने, म्युजिक डबिंग और फिल्म प्रोजेक्शन की सार्वजनिक सुविधाओं के जरिए किया जाता है। अकादेमी के संग्रहालय की सामग्री का उपयोग प्रकाशनों, फिल्म्स, टेलीविजन और भारत में प्रदर्शनकारी कला पर अनुसंधान के लिए खूब किया गया है। साल के दौरान ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग की एक सूची परिशिष्ट VI में संलग्न है।

वाद्य–दीर्घा

1953 में अकादेमी की स्थापना के समय से ही अकादेमी प्रदर्शनकारी कला से संबंधित कलात्मक वस्तुओं को हासिल करती रही है। मुख्य रूप से इस संग्रह के आधार पर ही 1964 में रवीन्द्र भवन के भूतल पर संगीत उपकरणों की दीर्घा जनता के लिए खोली गई थी। इस संग्रह में संगीत उपकरण, मुखौटे, कठपुतली, सिर में पहनी जानी वाली टोपी से लेकर साफा, मुरेठा आदि, परिधान और अन्य कलात्मक वस्तुएं शामिल हैं जो प्रदर्शनकारी कला से संबंधित हैं। इसके अलावा कुछ संगीत उपकरण दूसरे देशों के उपहार के रूप में भी प्राप्त हुए हैं। संग्रहालय अनुसंधान करने वाले विद्वानों, छात्रों, संगीत में दिलचस्पी रखने वालों, संगीतकारों आदि की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। संग्रहालय में अब करीब 2000 चीजें हैं और ये अन्य संबद्ध कलात्मक वस्तुओं के अलावा हैं। इसमें से एक प्रतिनिधि स्थायी डिसप्ले गैलरी ऑफ म्युजिकल इंस्ट्रूमेंट में बनाया गया है।

आलोच्य अवधि में संग्रहालय से सटे गलियारे में स्थायी मुखौटा प्रदर्शन दीर्घा का निर्माण किया गया है एवं वाद्य यन्त्रों की दीर्घा के ठीक सामने एक वृहद् मुखौटा दीर्घा का निर्माण किया गया है। इन दोनों दीर्घाओं में विविध शैलियों के लगभग एक सौ मुखौटे प्रदर्शित किए गए हं। ये दोनों दीर्घाएं दर्शकों के लिए खोली जाती हैं। आलोच्य अवधि में 1000 से अधिक दर्शक इन दीर्घाओं के अवलोकनार्थ आए। इस वर्ष 200 पुतुलों एवं संबद्ध सांगीतिक वाद्यों की एक प्रदर्शनी हुई। चंडीगढ़ में आयोजित इस प्रदर्शनी में, पुतुलों के प्रदर्शन भी किए गये। प्रदर्शनी में 5000 से अधिक दर्शक आये। यह संग्रहालय एवं दीर्घा भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं की अमूल्य विरासत का दर्शन कराने के साथ–साथ छात्रों संगीतकारों, संगीत प्रेमियों व सामान्य जन की कला जगत से संबंधित जिज्ञासाओं व आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

पुस्तकालय और श्रव्य–दृश्य लाइब्रेरी

अकादेमी की लाइब्रेरी में इतने वर्षो के दौरान प्रदर्शनकारी कला पर पुस्तकों का अच्छा संग्रह एकत्र हो गया है। इनमें से कई दुर्लभ हैं और जिनकी प्रतियां बाजार में नहीं हैं। मुख्य रूप से छात्रों और अनुसंधान करने वालों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए लाइब्रेरी में करीब डेढ़ सौ भारतीय और विदेशी पत्रिकाएं आती हैं। यहां संग्रह में कुल 24,052 पुस्तकें हैं। इनमें 928 उपहार स्वरूप प्राप्त हुई हैं।

ऑडियो विजुअल लाइब्रेरी के संग्रह में अब 9,827 डिस्क, 761 कैसेट, नृत्य और नाटक और संगीत के 92 वीडियो कैसेट, 1602 व्यावसायिक ऑडियो कैसेट, 154 उपहार में प्राप्त ऑडियो कैसेट, 1072 कौमपैक्ट डिस्क, 8 उपहार में प्राप्त कौमपैक्ट डिस्क, 51 वीडियो कौमपैक्ट डिस्क (वीसीडी) और उपहार में प्राप्त भारतीय संगीत के 6 वीसीडी और भरतनाट्म नृत्य के 2 वीसीडी हैं।

लाइब्रेरी का ऑटोमेशन और सॉटवेयर के उन्नयन का काम चल रहा है। इससे यह बहु उपयोगकर्ता सुविधा हो जाएगी। इससे लाइब्रेरी की पुस्तकों के डाटा का रेट्रो कनवर्सन आसान हो जाएगा।

सांस्कृतिक संस्थाओं और व्यक्तियों को अनुदान

स्थापना के बाद से ही अकादेमी संगीत, नृत्य और थिएटर संस्थाओं तथा व्यक्तियों को वित्तीय सहायता देती रही है। अनुदान समिति की बैठक 14 और 15 जुलाई को और 25 से 26 जुलाई 2007 को हुई और 613 आवेदनों पर विचार कर देश भर की कुल 456 सांस्कृतिक संस्थाओं को कुल 1,38,85,000 रुपए का अनुदान देने की सिफारिश की गई (अनुलग्नक VII, VIII एवं IX)। इसके अलावा, देश के 9 कठपुतली समूहों के लिए 3,15,000 रुपए की सिफारिश की गई (परिशिष्ट X)।

अंतर–राज्य सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम

अकादेमी का अंतर–राज्य सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम 1981 से चल रहा है। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसे राज्य सरकारों ने सक्रियता से लागू और प्रायोजित किया है। अकादेमी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुने हुए समूहों/कलाकारों के विनिमय का संयोजन करती है और इसके खर्चो के लिए सबसिडी भी देती है। इस मामले में संगीत नाटक अकादेमी और राज्यों के बीच वित्तीय जिम्मेदारी 1:1 के अनुपात में है। हालांकि उत्तर पूर्वी राज्यों, सिक्किम और जम्मू व कश्मीर के मामले में अकादेमी इन राज्यों द्वारा उठाए गए पूरे खर्चे की सब्सिडी दे देती है। (साल के दौरान विनिमय का विवरण अनुलग्नक IV में है)।

भारत एवं अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम

अकादेमी द्वारा संस्कृति मंत्रालय की तरफ से द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम कार्यान्वित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सूचनाओं एवं प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित पुस्तकों एवं टेप्स का आदान–प्रदान था। अकादेमी ने इस अवसर पर, भारत सरकार के अनुरोध पर सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रम के अनुक्रम में प्रदर्शनी एवं प्रस्तुतियाँ पेश की।

आलोच्य अवधि में "अतुल्य भारत @ 60" शीर्षीय उत्सव के तहत अकादेमी को यूनाईटेड स्टेट्स में शास्त्रीय एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुतियों के लिए आमंत्रित किया गया।

'अतुल्य भारत @ 60' न्यूयार्क, यू.एस.ए. 23 – 26 सितम्बर, 2007

अतुल्य भारत @ 60 समारोह का आयोजन, न्यूयार्क में 23 से 26 सितम्बर, 2007 तक, भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, कपड़ा मन्त्रालय तथा कन्फेडरेशन ऑफ इण्डियन इंडस्ट्रीज़ के सहयोग से किया गया। संस्कृति मन्त्रालय के अनुरोध पर, संगीत नाटक अकादेमी ने समारोह में नृत्य प्रस्तुति की जिसमें भारत के शास्त्रीय नृत्यों एवं विभिन्न राज्यों यथा मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैण्ड, सिक्किम, पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात एवं पश्चिम बंगाल आदि के लोक एवं जनजातीय नृत्य भी शामिल थें। इस समारोह का उद्घाटन 23 सितम्बर, को ऐवेरी फिशर सभागार लिंकन रोड, न्यूयार्क में किया गया। 23 से 25 सितम्बर तक ब्रेयन्ट पार्क में तथा 24 से 26 सितम्बर, 2007 तक साउथ स्ट्रीट सी पोर्ट में जनजातीय लोक संगीत एवं भारतीय नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिनकी संरचना मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा की गयी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा पुंगचोलम, यक्षगान, थियाम एवं मोहिनीआट्टम की प्रस्तुति से हुआ; तत्पश्चात् माधवी मुद्गल द्वारा समूह नृत्य संरचना प्रस्तुति की गयी जिसमें ओडसी, भरतनाट्यम, कथकलि, मणिपुरी एवं कथक नृत्य शामिल थें। ओडिसी नृत्य समूह का नेतृत्व श्रीमती मुद्गुल ने, भरतनाट्यम का गीता चन्द्रन, मणिपुरी का चारू सिजा माथुर एवं मोहिनीआट्टम का विजय लक्ष्मी ने किया। प्रेरणा श्रीमाली के नेतृत्व में कथक केन्द्र, दिल्ली ने कथकलि नृत्य की प्रस्तुति की। लिंकन सेन्टर के कार्यक्रमों में कुल मिलाकर सैंतीस शास्त्रीय कलाकारों द्वारा भाग लिया गया। माधवी मुद्गल, गीता चन्द्रन, चारू सिजा माथुर एवं प्रेरणा श्रीमाली द्वारा प्रस्तुत पुनः प्रदर्शन में एकल प्रस्तुतियां पेश की गई।

उद्घाटन समारोह लिंकन सेन्टर में आयोजित हुआ जिसमें भारत सरकार के विदेश मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी, वित्त मंत्री श्री पी. चिदम्बरम, कपड़ा मंत्री श्री एस. वघेला एवं पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। इस अवसर पर यूनाईटेड स्टेटस में भारत के राजदूत श्री रोनेन सेन भी उपस्थित थे। सी.आई.आई. के चेयरमैन श्री सुनील मित्तल के स्वागत भाषण के उपरान्त श्री प्रणव मुखर्जी ने समारोह को सम्बोधित किया। लिंकन सेन्टर में आयोजित उद्घाटन समारोह का संचालन श्री कबीर बेदी ने किया।

लोक नृत्य के कार्यक्रम का उद्घाटन 23 सितम्बर 2007 को ब्रेयन्ट पार्क में किया गया। ब्रेयन्ट पार्क एवं साउथ स्ट्रीट सी पोर्ट दोनों स्थानों पर प्रदर्शन प्रतिदिन 11:00 बजे प्रातः शुरू होकर 9:00 बजे सायं समाप्त होता था। विभिन्न राज्यों से आये लगभग सत्तर लोक एवं जनजातीय कलाकारों ने इस समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन किया। लोक एवं जनजातीय नृत्यों के अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय के द्वारा आमंत्रित रेमो फर्नांडीस कॅलोनियल म्यूजिक समूह के कार्यक्रम की प्रस्तुति भी समारोह में की गई। श्रीमती मैत्रेयी पहाड़ी द्वारा ब्रेयन्ट पार्क एवं साउथ स्ट्रीट सी पोर्ट में अपनी प्रस्तुतियां पेश की गई।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

अकादेमी की राज भाषा कार्यान्वयन समिति अकादेमी में राज भाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करती है। राज भाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित तौर पर बुलाई जाती हैं ताकि वार्षिक कार्यक्रम के विषयों को लागू करने की दिशा में प्रगति सुनिश्चित की जा सके और हिन्दी का इस्तेमाल धीरे धीरे बढ़ता जाए।

संस्कृति मंत्रालय की सलाह के अनुसार सामान्य आधिकारिक कार्यो में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए अकादेमी ने 14 से 28 सितंबर 2007 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया। इस दौरान कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को 25 अक्तूबर 2007 को प्रायोजित विशेष समारोह में सचिव द्वारा नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए। सरकार की योजना के मुताबिक हिन्दी में किए गए काम को प्रोत्साहन देने के लिए कार्मिकों को नकद पुरस्कार दिए गए।

आलोच्य अवधि के दौरान हिन्दी कार्यशालाएं – 4 अप्रैल, 2007, 25 जून 2007 से 26 जून 2007, 11 सितम्बर, 2007, 27 दिसम्बर, 2007 एवं 26 मार्च, 2008 को आयोजित की गई।

अकादेमी न्यूज बुलेटिन : संगीत नाटक समाचार

पिछले कई दशक से संगीत नाटक अकादमी अंग्रेजी की अपनी द्वैमासिक पत्रिका न्यूज बुलेटिन के जरिए अपनी गतिविधियों की सूचना देती रही है। मंचीय कला के कद्रदानों के बड़े वर्ग तक पहुंचने के लिए और संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए अकादेमी ने 'न्यूज बुलेटिन' का हिन्दी रूपांतर दिसंबर 2005 से प्रकाशित करने का निर्णय लिया जिसका नाम है 'संगीत नाटक समाचार'। दोनों बुलेटिन की प्रतियां अकादेमी पुरस्कृत, कलाकारों एवं प्रेमियों को भेजी जाती हैं। विधान सभा एवं पुस्तकालयों को भी उक्तप्रतियां प्रेषित की जाती हैं।

बजट और लेखा

अकादेमी को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से अनुदान सहायता मिलती है ताकि यह अपनी योजना और गैर योजना गतिविधियों के खर्चों की पूर्ति कर सके। गैर योजना गतिविधियों के लिए अकादेमी का बजट 2007-08 में 610 लाख रुपए था और योजना के लिए 1050 लाख रुपए। उत्तर पूर्व के लिए चुकाई गई राशि 394.25 लाख रुपए थी।

संगीत नाटक अकादेमी और इसकी इकाइयों – जवाहर लाल नेहरू मणिपुर डांस ऐकेडमी, इंफाल, कथक केंद्र, नई दिल्ली और रवीन्द्र रंगशाला, नई दिल्ली के वार्षिक खर्चों का समेकित विवरण जिसमें आय और व्यय का लेखा तथा 2007–08 का तुलन पत्र अनुलग्नक XV के रूप में संलग्न है।

स्मृति में

आलोच्य अवधि में अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कला के क्षेत्र की अनेक प्रख्यात विभूतियों जिनमें अकादेमी के फेलो और पुरस्कार विजेता भी हैं, के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वर्ष 2005 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित कर्नाटक गायन के प्रसिद्ध कलाकार **श्री एस. वी. पार्थसारथी** का 25 जुलाई 2007 को निधन हो गया।

वर्ष 1990 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात परिधान सज्जाकार **श्रीमती रोशन अल्काजी** का 28 अगस्त, 2007 को देहावसान हो गया।

वर्ष 2006 में अकादेमी पुरस्कृत, प्रख्यात ओडिसी नर्तक, **श्री सुरेन्द्र नाथ जेना** का 8 अक्टूबर, 2007 को निधन हो गया।

वर्ष 1993 में अकादेमी पुरस्कृत, प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक **श्री कैलाश पाण्ड्या** का 24 दिसम्बर, 2007 को निधन हो गया।

वर्ष 1970 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात भारतनाट्यम नृत्यांगना **कु. शान्ता रॉव** का 28 दिसम्बर, 2007 को निधन हो गया।

वर्ष 1976 में अकादेमी पुरस्कृत प्रसिद्ध कोरियोग्राफर एवं क्रिएटिव डांसर **श्री नरेन्द्र शर्मा** का 14 जनवरी, 2008 को निधन हो गया।

वर्ष 1982 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात नाट्य निर्देशक **श्रीमती शीला भाटिया** का 17 फरवरी, 2008 को निधन हो गया।

वर्ष 1986 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध नाट्य लेखक **श्री के. टी. मोहम्मद** का 26 मार्च, 2008 को निधन हो गया।

एस. वी. पार्थसारथी

रोशन अल्काजी

सुरेन्द्र नाथ जेना

कैलाश पाण्ड्या

शान्ता रॉव

नरेन्द्र शर्मा

शीला भाटिया

के. टी. मोहम्मद

कथक केंद्र, नई दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी की अंगीभूत इकाई कथक केंद्र की स्थापना 1964 में हुई थी। इस समय यह बहावलपुर हाउस में है और कथक नृत्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में यह देश की एक प्रमुख संस्था है। कथक नृत्य और हिन्दुस्तानी संगीत के जाने–माने गुरूओं ने यहां पढ़ाया है। इनमें लच्छू महाराज,शंभू महाराज, सुंदर प्रसाद, कुंदनलाल गंगानी, मोहनराव कल्याणपुरकर, पुरुषोत्तम दास, बिरजू महाराज, दुर्गा लाल, हफीज अली खान, मुश्ताक हुसैन खान, मोइउद्दीन और अमीनुद्दीन डागर ने यहां पढ़ाया है। कुमुदनी लाखिया, सिद्धेश्वरी देवी और नैना देवी जैसे कलाकारों ने भी केंद्र में पढ़ाया है।

यह केंद्र कथक नृत्य में कई पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है। प्राथमिक पाठ्यक्रमों में – 3 साल का फाउंडेशन कोर्स, 2 साल का डिप्लोमा (पास) कोर्स, 2 साल का डिप्लोमा (ऑनर्स) कोर्स, 2 साल का पोस्ट डिप्लोमा कोर्स और विदेशी छात्रों के लिए 3 साल का डिप्लोमा कोर्स शामिल है। नृत्य पाठयक्रमों के अलावा केंद्र तबला और पखावज बजाने का 1 साल का सर्टिफिकेट, 3 साल का सर्टिफिकेट, 3 साल का डिप्लोमा और 2 साल का पोस्ट डिप्लोमा कोर्स भी करवाया जाता है। कथक केंद्र उन पूर्व छात्रों के लिए भी सुविधाएं मुहैया कराता है जो अल्प अवधि के लिए गुरुओं से आगे का दिशा निर्देशन लेना चाहते हैं। वे खुद को केंद्र में पंजीकृत करा सकते हैं। केंद्र के पास लड़कियों का एक हॉस्टल है और यह इसी परिसर में स्थित है।

केंद्र का मुख्य उद्देश्य योग्य विद्यार्थियों को नृत्य में प्रशिक्षण देना है जो इस कला को पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। जाने–माने गुरू – मुन्ना शुक्ला, उर्मिला नागर, राजेन्द्र गंगानी, गीतांजलि लाल, कृष्ण मोहन मिश्र, गोविन्द प्रसाद चक्रबर्ती, राम किशोर दास, जय किशन महाराज और अमीर अहमद खान इस साल के दौरान शिक्षा देने वाली फैकल्टी के भाग थे। कथक केंद्र में प्रशिक्षित कई नर्तकों को भारत में और विदेशों में उनके एकल नृत्य और नृत्य संरचनाओं के लिए प्रशंसा मिली है।

कथक केंद्र का प्रबन्धन संगीत नाटक अकादेमी की कार्यकारिणी समिति के तहत है। इसकी सहायता के लिए कथक केंद्र के निदेशक और एक सलाहकार समिति है। समिति के सदस्यों का नामांकन बोर्ड द्वारा 5 साल के कार्यकाल के लिए किया जाता है। संगीत नाटक अकादेमी के वाइस चेयरमैन (उपाध्यक्ष) कथक केंद्र की सलाहकार समिति के चेयरमैन (अध्यक्ष) होते हैं।

व्याख्यान श्रृंखला (मार्च / अप्रैल) 2007

छात्रों के लाभ के लिए केंद्र ने नृत्य के क्षेत्र के निम्नलिखित विद्वानों – श्री मुन्ना शुक्ल, श्री तीरथ राम आजाद तथा पंडित शंकर मिश्र को व्याख्यानों के लिए आमंत्रित किया।

वार्षिक परीक्षा 2006–07

शिक्षा सत्र 2006–07 के लिए वार्षिक परीक्षा 30 अप्रैल से 12 मई 2007 के बीच हुई। भिन्न नृत्य पाठ्यक्रमों और संबद्ध विषयों के लिए निम्नलिखित बाह्य परीक्षक आमंत्रित किए गए थे।

फाउंडेशन और डिप्लोमा (पास) कोर्सः सुश्री रोशन्त दाते, पुणे; श्री मनीश गंगानी; श्रीराम मोहन महाराज, दिल्ली; पर्यवेक्षक विद्यार्थी गुरु।

डिप्लोमा ऑनर्स और पोस्ट डिप्लोमा कोर्स / डिप्लोमा कोर्स (सिर्फ विदेशियों के लिए): उर्मिला नागर, दिल्ली; श्रीमती मनीषा साठे, पुणे; श्रीमती कुम कुम धर, लखनऊ, पर्यवेक्षक विद्यार्थी गुरु।

तबला/पखावज (संबद्ध विषय): हशमत अली, दिल्ली; श्री उदय कुमार मल्लिक, दिल्ली; पंडित विजय शंकर मिश्र, दिल्ली; पर्यवेक्षक – विद्यार्थी गुरु।

वोकल (अलायड सबजेक्ट): उमा गर्ग, दिल्ली; श्री सारथी चटर्जी, गुडगांव; श्रीमती सुभद्रा देसाई, दिल्ली; पर्यवेक्षक – श्री अमीर अहमद।

योगः सुश्री श्रीमती कल्पना, दिल्ली; श्री दिवेश, दिल्ली, श्री शीशपाल, दिल्ली; पर्यवेक्षक – श्रीशंकर आप्टे, सुश्री कविता ठाकुर।

द्विवर्षीय पोस्ट डिप्लोमाकोर्स के थ्योरी के प्रशनपत्र श्री मुन्ना शुक्ला ने तैयार किए और जांचे साथ ही साथ श्री तीर्थ राम आजाद ने त्रिवर्षीय डिप्लोमाकोर्स (ऑनर्स) के प्रश्न पत्र तैयार किये और जांचे। तबला एवं पखावज के

त्रिवर्षीय डिप्लोमाकोर्स (फाइनल इयर) के थ्योरी के प्रश्नपत्र पं. विजय शंकर मिश्र ने सेट किये और जांचे।

परिणाम 2006–07

2006–07 की वार्षिक परीक्षा में कुल 283 छात्र शामिल हुए। प्रशिक्षण के विभिन्न प्रशिक्षण पाठयक्रमों में 272 छात्र सफल घोषित किए गए। विवरण इस प्रकार हैः

पाठ्यक्रम छात्रों की संख्या

परीक्षा में बैठें	शामिल	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
3–साल का फाउंडेशन कोर्स	160	157	03
2–साल डिप्लोमा(पास) कोर्स	41	39	02
3–साल डिप्लोमा(ऑनर्स) कोर्स	60	55	05
2–साल पोस्ट डिप्लोमाकोर्स	16	16	.
3–साल डिप्लोमाकोर्स (विदेशियों के लिए)	05	05	.
तबला बजाने का पाठ्यक्रम	15	13	02
पखावज बनाने का पाठ्यक्रम	02	02	.
	299	287	12

मंच प्रदर्शन परीक्षण (2006–07)

शिक्षा सत्र 2006–07 की वार्षिक परीक्षा के भाग के रूप में मंच प्रदर्शन जांच का आयोजन त्रिवेणी कला संगम, नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में 30 अप्रैल से 4 मई 2007 के बीच किया गया। इसमें एडवांस कोर्स के फाइनल ईयर के 24 छात्र शामिल हुए। इस फेस्टिवल में पेश प्रोग्राम केंद्र के फाइनल ईयर डिप्लोमा(विदेशी), डिप्लोमा(ऑनर्स) और पोस्ट डिप्लोमाकोर्स के छात्रों की योग्यता के मूल्यांकन का एक तरीका है और यह वाहय परीक्षकों के पैनल के समक्ष होता है।

ग्रीष्मावकाश 2006–07

केंद्र की शिक्षण फैकल्टी ग्रीष्मावकाश के लिए 16 मई से 30 जून 2007 तक बंद रही।

नए दाखिले 2006–07

2007–08 के सत्र में केंद्र के भिन्न पाठयक्रमों में नए दाखिले के लिए एक विज्ञापन दिल्ली और दिल्ली के बाहर के अखबारों में प्रकाशित हुआ। केंद्र के शिक्षकों की एक प्रवेश समिति ने पूर्व दाखिला परीक्षा के लिए 250 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। भिन्न पाठयक्रमों के लिए दाखिला पूर्व परीक्षा इस साल 14 से 19 जुलाई 2007 के बीच हुई।

नामांकित छात्र (2007–08)

2007–08 के शिक्षा सत्र की शुरुआत में केंद्र में नामांकित छात्रों की कुल संख्या (पुराने और नए) 379 थी। प्रशिक्षण के भिन्न पाठयक्रमों में छात्रों की संख्या इस प्रकार हैः

पाठ्यक्रम का नाम	छात्रों की संख्या
3–साल का फाउंडेशन कोर्स	226
2–साल डिप्लोमा(पास) कोर्स	53
3–साल प्री डिप्लोमाकोर्स	3
3–साल डिप्लोमा(आनर्स) कोर्स	54
2–साल पोस्ट डिप्लोमाकोर्स	20
3–साल डिप्लोमाकोर्स (केवल विदेशियों हेतु) पुराना	3
3–साल डिप्लोमाकोर्स (पखावज)	2
3–साल डिप्लोमाकोर्स (तबला)	14
2–वर्ष पोस्ट डिप्लोमाकोर्स (तबला)	3
2–वर्ष पोस्ट डिप्लोमाकोर्स (पखावज)	1
कुल	**379**

विदेशी छात्र

केंद्र में भारत के बाहर से भी छात्रों को दाखिला दिया जाता रहा है। इनमें मुख्य रूप से वे होते हैं जो भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित होते हैं । 2007–08 सत्र में ऐसे चार छात्रों का नामांकन किया गया।

छात्रवृत्ति

केन्द्र ने 35 मेघावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। छात्रवृत्ति, डिप्लोमा (आनर्स) एवं पोस्ट डिप्लोमा व डिप्लोमा कोर्स (तबला/पखावज) के छात्रों को प्रदान की गई। विवरण निम्नलिखित हैं –

केन्द्र ने डिप्लोमा (आनर्स) कोर्स के 15 छात्रों को 1000 रूपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी। पोस्ट डिप्लोमाकोर्स के दस छात्रों को 1500 रूपये प्रतिमाह की दस छात्र वृत्तियां दीं। त्रिवर्षीय डिप्लोमाकोर्स (तबला) के लिए पांच मेघावी छात्रों के लिए 1000 रूपये प्रतिमाह की पांच छात्रवृत्तियां दी

गई। त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स (पखावज) के लिए 1000 रूपये प्रतिमाह की तीन छात्रवृत्तियां दी गईं। द्विवर्षीय पोस्ट डिप्लोमा कोर्स (तबला) में 1000 रूपये की तीन छात्रवृत्तियां प्रत्येक छात्र को दी गई।

फ्रीशिप 2007 – 08

शिक्षण सत्र 2007–08 में अभिभावकों की आय के आधार पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के 21 छात्रों को निःशुल्क प्रशिक्षण ा दी गई।

आवास किराया सबसिडी

10 योग्य बाह्य पुरुष छात्रों को 2000 रूपए प्रतिमाह की दर से वर्ष 2007 – 2008 के सत्र के लिए आवास किराया सबसिडी दी गई है।

व्याख्यान प्रदर्शन / कार्यशालाएं

छात्रों के लाभ के लिए कथक ने निम्नलिखित विशेषज्ञों को संस्थान में डांस थ्योरी की कक्षाएं लेने के लिए आमंत्रित किया :

1.	डिप्लोमाकोर्स के छात्रों के लिए कलरी विशेषज्ञ श्री गोपीनाथ को मेघदूत थियेटर, रवीन्द्र भवन में आमंत्रित किया गया :	26 सितम्बर से 12 अक्तूबर, 2007
2.	एडवान्स कोर्स के छात्रों के लिए मेघदूत थियेटर, रवीन्द्र भवन में महफिल का आयोजन :	1 अक्तूबर, 2007
3.	पोस्ट डिप्लोमाकोर्स के छात्रों की थ्योरी की कक्षाओं के लिए श्री मुन्ना शुक्ला को जबकि डिप्लोमा(आनर्स) कोर्स के छात्रों के लिए श्री तीरथ राम आजाद को आमंत्रित किया गया :	1 से 12 अक्तूबर, 2007

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2007–08

शिक्षण सत्र 2007–08 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 26 दिसम्बर से 3 जनवरी 2008 तक आयोजित की गइ। एडवान्स पाठ्यक्रमों के 82 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया।

व्याख्यान श्रृंखला

केन्द्र ने छात्रों के ज्ञानवर्धक हेतु, थ्योरी के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने हेतु नृत्य व साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न विद्वानों को आमंत्रित किया। यह व्याख्यान श्रृंखला 27 फरवरी, 2008 से आगे तक जारी रही।

कार्यक्रम अनुभाग

केन्द्र का उद्देश्य कथक शैली को परंपरागत बोली में अभिनय कार्यों के जरिए बढ़ावा देना है। केन्द्र ने साल के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए

दीक्षांत समारोह 2007

दीक्षांत समारोह 2007 का आयोजन 6 सितम्बर, 2007 को मेघदूत थियेटर, रवीन्द्र भवन नई दिल्ली में किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगीत नाटक अकादेमी के उपाध्यक्ष श्री कावालम नारायण पनिक्कर ने की। दीक्षांत भाषण प्रख्यात कथक नृत्यांगना श्रीमती कुमुदनी लाखिया ने दिया।

वर्ष 2007 के लिए फाइनल वर्ष के छात्रों को 28 डिप्लोमादिये गये इनमें 7 पोस्ट डिप्लोमाछात्रों के लिए, 15 डिप्लोमा(आनर्स) के छात्रों के लिए एवं 2 डिप्लोमाके छात्रों के लिए (केवल विदेशी), डिप्लोमाकोर्स के लिए तीन एवं एक छात्र को पखावज वाले छात्रों के नाम निम्नवत हैं :

पोस्ट डिप्लोमा कोर्स : कु. प्रतिष्ठा शर्मा; कु. संध्या पचोनिया, कु. तरूणा सिंह, कु. मौसमी साह; कु. प्रभा अधिकारी; कु.रचना सिन्हा; कु. अनामिका शर्मा।

डिप्लोमा (आनर्स) कोर्स : श्री धीरेन्द्र तिवारी, कु. दिव्या मारगोडे, कु. सुप्रिया चिजोशी, कु. सुजनीत कौर, श्री महेश पवॉर, श्री मुजफ्फर मुल्ला; कु शुभ्रा गल्होत्रा, कु. साक्षी बत्रा; कु. आकांक्षा गैरोला श्री शिवदत्त त्रिपाठी; कु. आस्था गौर; कु. सुवर्णा शुक्लवैद्य; कु. नितीश मंडल; श्री शिशिर कुमार पुरियार एवं कु. मुक्ता शर्मा

डिप्लोमा कोर्स (विदेशियों के लिए)
मिस एंड्रिया वर्गास, कु. अलीना सीपैक

डिप्लोमा कोर्स (तबला)
श्री लाल बाबू निराला; श्री शशि कान्त वैष्णव एवं श्री कुलदीप मिश्रा

डिप्लोमा कोर्स (पखावज)
श्री वरुण कुमार झाा

दीक्षान्त समारोह के बाद केन्द्र के छात्रों ने एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुति पेश की। श्री जय किशन महाराज ने समूह नृत्य संरचना की प्रस्तुति की।

प्रायोजित कार्यक्रम

इस समयावधि में केन्द्र ने निम्नवर्णित कार्यक्रम भी प्रायोजित किये –

भारत की स्वाधीनता की साठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भूटान में आयोजन

भारतीय सांस्कृतिक संबध परिषद् ने 13 से 21 अगस्त 2007 तक भारत की स्वाधीनता की साठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भूटान में एक उत्सव का आयोजन किया एवं उत्सव में कथक केन्द्र को कार्यक्रम प्रस्तुत करने आमंत्रित किया। केन्द्र ने श्रीमती गीतांजलि लाल की कोरियोग्राफी की समूह प्रस्तुतियों की पेशकश की।

यू.एन. आब्जरवेन्स डे

इंडियन फेडरेशन ऑफ यूनाईटेड नेशन्स ने 23 अक्तूबर, 2007 को यू.एन. आब्जरवेन्स डे के अवसर पर कथक केन्द्र को प्रस्तुति के आमंत्रित किया जिसमें श्रीमती गीतांजलि लाल ने इंडियन सोसायटी फार इन्टरनेशनल ला में समूह कोरियोग्राफी की प्रस्तुति की।

वेरी लार्ज पॉवर ग्रिड आपरेटर्स का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया ने इनटरनेशनल कान्फ्रेन्स ऑफ वेरी लार्ज पॉवर ग्रिड आपरेटर्स के अवर पर 29 अक्तूबर, 2007 को कथक केन्द्र की एक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जिसमें श्री जयकिशन महाराज ने ताज महल होटल, मानसिंह रोड में अपनी समूह प्रस्तुति पेश की।

दिल्ली आर्ट फेस्टिवल

प्रसिद्ध फाउंडेशन एवं संगीत नाटक अकादेमी द्वारा प्रायोजित अन्तर्राष्ट्रीय नृत्योत्सव पर एक नृत्य के उत्सव का आयोजन 17 दिसम्बर, 2007 को कथक केन्द्र के उत्तरी केन्द्र में आयोजित हुआ जिसमें केन्द्र की कथक की शिक्षक शिखा खरे द्वारा एकल प्रस्तुति पेश की गयी जबकि शिखा खरे द्वारा कोरियोग्राफ की हुई एक प्रस्तुति, फाउन्डेशन कोर्स एवं डिप्लोमा(उत्तीर्ण) कोर्स के छात्रों द्वारा पेश की गयी।

कथक केन्द्र रेपर्टरी, नई दिल्ली

कथक केन्द्र में श्रीमती प्रेरणा श्रीमाली को बतौर चीफ रेपर्टरी नियुक्त किया गया। रेपर्टरी में चार कोर नर्तक एवं तीन कैजुअल नर्तकों को नियुक्त किया गया। रेपर्टरी की कार्यशाला का संचालन श्रीमती कुमुदिनी लाखिया द्वारा 1–14 अक्तूबर, 2007 तक किया गया। रेपर्टरी की स्टाफ कार्यशाला का आयोजन 11 अगस्त 2007 को श्री गोपीनाथ द्वारा किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस

इन्टरनेशनल अहिंसा दिवस के अवसर पर रेपर्टरी के कलाकारों द्वारा 2 एवं 3 अक्तूबर, 2007 तक सेन्ट्रल पार्क, नई दिल्ली में समूह नृत्य संरचनाओं की पेशकश गई।

इंडिया हैबीटेट सेंटर का दसवां उत्सव

इंडिया हैबिटेट सेंटर के दसवें उत्सव पर कथक केन्द्र की रेपर्टरी ने रेपर्टरी कलाकारों द्वारा एक समूह नृत्य संरचना 25 नवम्बर, 2007 को सेन्ट्रल पार्क, नई दिल्ली में प्रस्तुत की।

केन्द्र का वार्षिकोत्सव

कथक उत्सव का आयोजन पंजाब आर्ट काउंसिल चंडीगढ़ के सहयोग से 1 से 4 दिसम्बर, 2007 तक अपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, जालंधर में किया गया। इस कार्यक्रम में एकल एवं युगल प्रस्तुतियां पेश की गयी।

कथक महोत्सव, 2008

केन्द्र का वार्षिक उत्सव, कथक उत्सव का प्रतिवर्ष फरवरी/मार्च में आयोजन किया जाता है। पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन जयपुर कथक केन्द्र, जयपुर के सहयोग से 13 से 17 फरवरी, 2008 तक जयपुर में किया गया। उत्सव का उद्घाटन राजस्थान के राज्यपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एकल, युगल एवं समूह प्रदर्शनों के अतिरिक्त व्याख्यान प्रदर्शनों का भी आयोजन हुआ।

जवाहर लाल नेहरू मणिपुरी डांस एकेडमी, इंफाल

आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1952 में अपनी पहली मणिपुर यात्रा के दौरान महामहिम महाराजा बोधाचंद्र सिंह के निमंत्रण पर शाही महल में रासलीला देखी थी। इससे वे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने इंफाल में मणिपुरी नृत्य की एक संस्था स्थापित करने की पहल की।

इस तरह, मणिपुर डांस कॉलेज का जन्म हुआ था। 1 अप्रैल 1954 को इंफाल के बाबुपारा थिएटर हॉल में स्थापित इस कालेज का नाम पंडित नेहरू के निधन के बाद 8 जून 1964 को जवाहर लाल नेहरू मणिपुर डांस एकेडमी कर दिया गया ताकि ऐकेडमी की स्थापना में उनके योगदान का सम्मान किया जा सके।

एकेडमी के विकास के शुरुआती चरण में गुरू मेइसनम अमुबी सिंह और गुरू हओबम अतोम्बा सिंह ने संस्थान के निर्माण के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। उन शुरुआती दिनों में उनके प्रयासों और अन्य गुरुओं के समर्थन का ही नतीजा है कि एकेडमी मणिपुरी नृत्य के एक ख्याति प्राप्त संस्थान के रूप में फल–फूल पाई।

जवाहर लाल नेहरू मणिपुर डांस एकेडमी 1957 से संगीत नाटक अकादेमी की अंगीभूत इकाई रही है।

एकेडमिक यूनिट

एकेडमी में पेश किए जाने वाले पाठयक्रमों में फाउंडेशन कोर्स (3 साल), डिप्लोमाकोर्स (3 साल) और पोस्ट डिप्लोमाकोर्स (3 साल) शामिल हैं। जो विषय पढ़ाए जाते हैं उनमें रास, लाई हरोबा, नट सिनकीर्तन (ईशेई), नट संकीर्तन (चोलोम), नट संकीर्तन (पंग), आदिवासी नृत्य और थंग–टा (सिर्फ बाद के दो के लिए फाउंडेशन और डिप्लोमाकोर्स)।

छात्रवृत्ति

अकादेमी नृत्य और संकीर्तन पोस्ट डिप्लोमाकोर्स के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को 200 रुपए प्रति माह की 5 छात्रवृत्तियां 3 साल के लिए देती है। ये छात्रवृत्तियां रास, लाई हरोबा, पंग, ईशेई और चोलोम – प्रत्येक में दी जाती हैं। अकादेमी नृत्य और संकीर्तन डिप्लोमापाठयक्रम के 5 सर्वश्रेष्ठ छात्रों को 150 रुपए प्रति माह प्रत्येक की 10 छात्रवृत्ति 3 साल के लिए देती है। प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष फाउंडेशन कोर्स के सर्वश्रेष्ठ छात्र को 100 रुपए प्रतिमाह की एक छात्रवृत्ति एक साल के लिए देती है। सभी पाठयक्रमों में मेधावी छात्रों को कई निशुल्क शिक्षा की छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

पदक

योग्य उम्मीदवारों को निम्नलिखित स्वर्ण पदक दिए जाते हैंः पोस्ट डिप्लोमाकोर्स (फाइनल ईयर) के सबसे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र को राज्यपाल गोल्ड मेडल दिया जाता है। रास में लोउरेमबम तोम्बी गोल्ड मेडल रास में पोस्ट डिप्लोमाकोर्स फाइनल ईयर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को दिया जाता है। संकीर्तन में गुरू गुलपी गोल्ड मेडल संकीर्तन में डिप्लोमाकोर्स फाइनल ईयर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को दिया जाता है। नृत्य में सोबिता एन मेहता स्वर्ण पदक नृत्य में डिप्लोमाकोर्स फाइनल ईयर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को और रास में खुखु सरकार गोल्ड मेडल रास में डिप्लोमाकोर्स फाइनल ईयर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को दिया जाता है।

प्रोडक्शन इकाई

अकादेमी की प्रोडक्शन इकाई की शुरुआत 1975 में हुई और यह मणिपुरी नृत्य व संगीत का सर्वश्रेष्ठ ज्ञात रंगपटल है। इसने विभिन्न विषयों पर नृत्य–नाटक तैयार किए हैं और इन्हें भारत में व विदेशों में हुए नृत्य के सभी महत्त्वपूर्ण समारोहों में दिखाया गया है। इस इकाई ने आज की तारीख तक 32 नृत्य नाटक तैयार किए हैं।

कबुई केई ओइबा, 1976–77 (निर्देशनः गुरू आरके प्रियोगपलसाना); मंगसत, 1976 (गुरू आरके प्रियोगपलसाना); नोंगडोल लेइमा, 1977–78 (गुरू तरुण कुमार सिंह); राजर्षी भाग्यचंद्र, 1977–78 (गुरू आरके प्रियोगपलसाना); थोइबी, 1978–79 (श्री चओटोम्बी सिंह), कुमारी सूर्य मुखी देवी और श्रीमती एस टंडन देवी; सरीक मखोल, 1978–79 (गुरू तरुण कुमार सिंह); नोंगपोक पनथोइबी, 1978–79 (गुरू आरके प्रियोगपलसाना); पुईनाओ पुइदा, 1979–80 (श्री चओटोम्बी सिंह); गीत गोविन्द, 1980–81 (श्रीमती एस टंडन देवी); सनरेम्बी, 1982–83 (श्री चओटोम्बी सिंह); श्री चैतेइना महाप्रभु, 1983–84 (गुरू आरके प्रियोगपलसाना); केइबुल लमजाओ, 1984–85 (श्री चओटोम्बी सिंह); रामायण, 1985–86 (गुरू बाबू सिंह); श्री गौरांग, 1987–88 (श्री चओटोम्बी सिंह); बभ्रुबहन, 1988–89, (श्री चओटोम्बी सिंह); निन्गटम ललहोऊ, 1989–90 (श्री चओटोम्बी सिंह); लोकटक ईशहेई, 1991–92 (गुरू बाबू सिंह); हेनजुनाहा, 1992–93 (श्री चओटोम्बी सिंह); खम्बा थोईबी, 1993–94 (श्री चओटोम्बी सिंह); मोईरंगशा, 1993–94 (श्री डब्ल्यू लोकेंद्र जीत सिंह); मदन वसमा, 1993–94 (श्री चओटोम्बी

सिंह); भासक लीला, 1995–96 (गुरु बाबू सिंह); कैना, 1995–96 (श्री चओटोम्बी सिंह); लेई लंगबा, 1996–97 (श्री चओटोम्बी सिंह); वैनू परेंग, 1997–98 (श्री डब्ल्यू लोकेंद्र जीत सिंह); फूल युद्ध, 2000–2001 (गुरू एस थनिल सिंह); मेघदूत, 2001–2001 (श्री चओटोम्बी सिंह); राधा सती, 2002–2003 (गुरू थौरानीशबी देवी); खम्बू, 2004–05 (श्री चओटोम्बी सिंह); अभिसारिका, 2006–07 (श्री चओटोम्बी सिंह); हिजन हिराओ, 2006–07 (श्री डब्ल्यू लोकेंद्र जीत सिंह); अहंगार बंगम, 2007–08 (श्री थ. चओटोम्बी सिंह)।

53वाँ स्थापना दिवस

एकेडेमी का 53वाँ स्थापना दिवस 1 अप्रैल 2007 को एकडेमी सभागार में मनाया गया। डॉ. एस. एस. सिधू, राज्यपाल मणिपुर व अध्यक्ष जे. एन. एम. डी. ए. एवं प्रोफेसर एल. दामोदर सिंह, उपाध्यक्ष जे. एन. एम. डी. ए. की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

श्री एल. इटोमचा सिंह, कु. उर्मिला देवी, डोरेन्ड्रो मितै एवं श्री उमाकान्त सिंह को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये तत्पश्चात् इन लोगों ने एकल प्रस्तुतियां भी पेश की।

एकेडेमी के अन्य छात्रों ने भी एकल एवं युगल प्रस्तुतियां पेश की। कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा हुई व मीडिया द्वारा इसका खूब प्रसार किया गया।

नया सत्र

एकेडमी का नया सत्र 4 अप्रैल 2007 से शुरू हुआ। 2007–08 सत्र के लिए संस्थान में नामांकित छात्रों की कुल संख्या 621 थी। इसमें से 274 छात्र वार्षिक परीक्षा मेंशामिल नहीं हुए। भिन्न पाठयक्रमों में छात्रों की संख्या इस प्रकार है:

वार्षिक परीक्षा

सभी पाठयक्रमों के लिए वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से 23 फरवरी 2008 तक हुई। सभी पाठयक्रमों की परीक्षाओं के संचालन के लिए ऐकेडमी के मौजूदा गुरुओं के अलावा 27 वाह्य परीक्षकों की सेवाएं ली गईं।

कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां

लाई–हराओबा समारोह 2006

इबुधौं चक्खाबा देव का वार्षिकोत्सव एकेडमी परिसर में 22 से 28 अप्रैल तक आयोजित किया गया। आयोजन में गुरुओं एवं शिष्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह एकेडेमी का वार्षिक उत्सव है।

अहंगर भंगम

नृत्य–नाटिका उद्घाटन शो 'अहंगर भंगम' का आयोजन 14 जनवरी, 2008 को जवाहर लाल नेहरु मणिपुर नृत्य एकेडेमी सभागर में किया गया। इस प्रस्तुति का उद्घाटन जे. एन. एम. डी. ए. के अध्यक्ष एवं मणिपुर के राज्यपाल श्री एस.एस. सिद्धू द्वारा किया गया। प्रसिद्ध फिल्मकार श्री ए. श्याम शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

दर्शकों ने इस शो की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया ने इस कार्यक्रम का खूब प्रसार किया।

कार्यक्रम एवं व्याख्यान प्रदर्शन कार्यक्रम

सरायकेला छउ पर एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एकेडेमी की प्रोडक्सन यूनिट के सहयोग से 17 से 22 अगस्त 2007 तक किया गया। संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के सचिव श्री जयन्त कस्तुआर ने 29 नवम्बर 2007 को जे.एन.एम.डी.ए. सभागार में कथक पर दो घंटे का व्याख्यान प्रदर्शन दिया। एकेडेमी ने गुरुओं, छात्रों कलाकारों एवं कर्मियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

नट–संकीर्तन एवं महारास की शांति निकेतन में प्रस्तुति

मणिपुर राज्य अकादेमी, विश्व भारती शांति निकेतन एवं संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा 1–14, 2008 संगीत भवन विश्व भारती, शांति निकेतन में आयोजित मणिपुरी शास्त्रीय नृत्योत्सव में उद्घाटन प्रस्तुति के रूप में, अकादेमी के 42 सदयों ने पारंपरिक शैली में नट–संकीर्तन एवं महारास की प्रस्तुति की।

मणिपुरी नृत्य एवं नट–संकीर्तन पर आधारित व्याख्यान–प्रदर्शन कार्यक्रम फरवरी 2 से 3 तक अकादेमी के गुरुओं – श्री लखपति सिंह, श्रीमती थउरानीशाबी देवी, श्रीमती वाई. गंभिनी देवी एवं श्रीमती लइपाकलोत्पी देवी द्वारा सम्पन्न हुआ। दोनों कार्यक्रमों का मीडिया द्वारा विस्तृत प्रसार किया गया।

ऑक्टेव उत्सव 2008

एकेडेमी के 35 सदस्यीय दल ने तिरुवनन्तपुरम में 16 – 23 फरवरी, 2008 तक उत्तर–पूर्वी भारत के आक्टेव उत्सव 2008 में सहभागिता की। संगीत नाटक अकादेमी,

नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समूह ने नट–संकीर्तन, महारास एवं नृत्य–नाटिका 'केबुल लाभजो' की प्रस्तुति उत्सव में की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम : आइजोल

असम राइफल्स द्वारा अपने 125वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में अकादेमी ने 31 अगस्त व 1 सितम्बर, 2007 को आइजोल में दो दिवसीय नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति की।

चक्कारधर समारोह

एकेडेमी के 24 सदस्यीय दल ने जिलाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित समारोह में भाग लिया। समारोह में 1 सितम्बर 2007 को मणिपुरी डांस वं संगीत के एक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। उपस्थिति रसिकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया।

रायपुर में कार्यक्रम, टाटा नगर एवं रांची

स्टेटहुड डे सेलिब्रेशन के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रायपुर में आयोजित किये गये कार्यक्रम में एकेडेमी के 23 सदस्यीय समूह ने मणिपुरी नृत्य एवं संगीत पर एक कार्यक्रम की पेशकश की। इस समूह ने अन्य दो कार्यक्रमों की भीपेशकश की जिनमें पहला कार्यक्रम 5 नवम्बर 2007 को अशोक होटल लॉन, रांची में पेश किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कला मंदिर, जमशेदपुर द्वारा संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली एवं पर्यटन विभाग, छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया।

त्रिपुरा में कार्यक्रम

एकेडेमी ने 24 – 26 नवम्बर, 2007 तक त्रिपुरा में नट संकीर्तन एवं महारास की प्रस्तुति की। एकेडेमी के कलाकारों ने दो नृत्य नाटिकाएं क्रमशः श्रद्धांजलि (गांधी जी को श्रद्धांजलि) एवं कीबुल लामजो की प्रस्तुति आउन हॉल, क्वाई बाजार में की। इन कार्यक्रमों का मीडिया द्वारा विस्तृत प्रसार किया गया।

नट–संकीर्तन एवं महारास की इंफाल में प्रस्तुति

एकेडेमी के गुरुओं एवं छात्रों ने कला संस्कृति विभाग, मणिपुर सरकार, पूर्वी आंचलिक सांस्कृतिक केन्द्र कोलकाता एवं उत्तर–पूर्वी आंचलिक सांस्कृतिक केन्द्र दीमापुर के सहयोग से आयोजित शास्त्रीय नृत्य के 8वें भाग्यचंद्र राष्ट्रीय उत्सव के उद्घाटन के अवसर पर नट–संकीर्तन एवं महारास पर एक कार्यक्रम की पेशकश की।

समूह ने केरल के विभिन्न भागों में 23 से 24 फरवरी तक मणिपुरी नृत्य एवं संगीत के तीन और कार्यक्रमों की पेशकश की।

शिलांग में कार्यक्रम

असम रायफल्स द्वारा शिलांग में आयोजित कार्यक्रम में एकेडेमी के समूह ने लाइहरोबा, ढोल–ढोलक, थांग–टा, पुग–चोलम एवं बसंत रास कार्यक्रम की पेशकश 25 मार्च, 2008 को शिलांग में की।

मेघालय के राज्यपाल एस.एस. सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कोरियोग्राफी फेस्टिवल

एकेडेमी के कलाकारों ने कनेक्ट डांस क्लब द्वारा संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली के सहयोग से 26 मार्च को अहमदाबाद में आयोजित कोरियोग्राफी फेस्टिवल में नृत्य–नाटिका 'वेनू परेंग' की प्रस्तुति की।

संगीत नाटक अकादेमी : संगम ज्ञापन (उद्धरण)

जिन उद्देश्यों के लिए सोसाइटी की स्थापना की गई है वे इस प्रकार हैं :

1. प्रादेशिक या राज्य की संगीत, नृत्य तथा नाटक अकादेमियों के कार्यकलापों का समन्वय करना;
2. भारतीय संगीत नृत्य तथा नाटक के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना तथा इस प्रयोजन के लिए पुस्तकालय एवं संग्रहालय आदि की स्थापनाा करना;
3. अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए तथा समग्र रूप से भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसी ही अकादेमियों और अन्य संस्थाओं और संघों के साथ सहयोग करना;
4. संगीत, नृत्य तथा नाट्य कलाओं के संबंध में विभिन्न प्रदेशों के बीच वैचारिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना तथा तकनीकों का संवर्धन करना;
5. प्रादेशिक भाषाओं के आधार पर नाट्य केंद्रों की स्थापना तथा विभिन्न नाट्य केन्द्र के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना;
6. नाट्य प्रस्तुति, मंच शिल्प के अध्ययन एवं अभिनव प्रशिक्षण सहित नाट्य कला में प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं की स्थापना को प्रोत्साहित करना;
7. पुरस्कार और सम्मान प्रदान करके नए नाटकों की प्रस्तुति को प्रोत्साहन और सहयोग देना;
8. संदर्भ ग्रंथों–यथा सचित्र शब्द–कोश पारिभाषिक शब्दावली या तकनीकी शब्दावली की पुस्तिका सहित भारतीय संगीत, नृत्य एवं नाटक संबंधी साहित्य को प्रकाशित करना;
9. श्रेष्ठ नाट्य संस्थाओं को मान्यता प्रदान करना या उन्हें अन्यथा सहायता प्रदान करना;
10. विभिन्न नाट्य शैलियों के अव्यावसायिक दलों की गतिविधियों, बाल रंगमंच, खुले रंगमंच तथा ग्रामीण रंगमंच के विभिन्न रूपों के विकास को प्रोत्साहित करना;
11. देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोक संगीत, लोक नृत्य और लोक नाट्य को पुनर्जीवित करना तथा उनका परिरक्षण ा करना और सामुदायिक संगीत, तथा अन्य प्रकार के संगीत के विकास को बढ़ावा देना;
12. अखिल भारतीय आधार पर संगीत, नृत्य और नाट्य उत्सवों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों को प्रायोजित करना तथा ऐसे क्षेत्रीय उत्सवों को प्रोत्साहित करना;
13. संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्रों के उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्राख्यात कलाकारों को पुरस्कार तथा सम्मान प्रदान करना तथा मान्यता प्रदान करना;
14. संगीत, नृत्य और नाटक के शिक्षण ा में समुचित एवं यथेष्ठ स्तर को बनाए रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाना और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपर्युक्त विषयों के शिक्षण में अनुसंधान की व्यवस्था करना; और
15. संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों की बीच तथा अन्य देशों के साथ भी सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना।

संगीत नाटक अकादेमी की महापरिषद, कार्यकारी मंडल तथा समितियां

कार्यकारी मंडल के सदस्य

श्री राम निवास मिर्धा
अध्यक्ष

श्री कावालम नारायण पणिक्कर
उपाध्यक्ष

श्री आर सी मिश्रा
वित्तीय सलाहकार

श्री एन. सी गोयल
संयुक्त सचिव (संस्कृति)

डॉ. एम बालमुरली कृष्ण
श्रीमती स्वप्नसुन्दरी
श्री शिव कुमार शर्मा
श्रीमती उषा गांगुली
श्री विश्व मोहन भट्ट
श्री आर के सिंहाजित सिंह
श्री सी वी चन्द्रशेखर
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
श्रीमती अरूणा मोहन्ती
श्री के डी त्रिपाठी
श्रीमती उषा मलिक
श्रीमती हेलेन गिरि
श्रीमती नंदिनी रमणी
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

महापरिषद सदस्य

श्री राम निवास मिर्धा
अध्यक्ष

श्री कावालम नारायण पणिक्कर
उपाध्यक्ष

श्री आर सी मिश्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत सरकार के पाँच नामिति :

श्री कावालम नारायण पणिक्कर
डॉ० एम बालामुरली कृष्णा
श्रीमती स्वप्नसुन्दरी
श्री शिव कुमार शर्मा
श्रीमती साबित्री हैसमैन

भारत के संविधान में वर्णित राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रत्येक का एक प्रतिनिधि

अंडमान और निकोबार
सचिव शिक्षा एवं संस्कृति

आन्ध्र प्रदेश
श्रीमती चित्रा रामाचन्द्रन

अरूणाचल प्रदेश
श्री वाई डी थोंगची

असम
श्रीमती शरौदी सैकिया

बिहार
श्री अंजनी कुमार सिंह

छत्तीसगढ़
श्री अनूप रंजन पांडेय

चंडीगढ़ प्रशासन
श्री परवेश सेठी

दिल्ली
सचिव (संस्कृति)

दादर व नागर हवेली – संघ राज्य क्षेत्र
नामांकन की प्रतीक्षा है

गोवा
नामांकन की प्रतीक्षा है

गुजरात
श्री वी एन मैरा

हरियाणा
श्री कमल तिवारी

हिमाचल प्रदेश
श्री नंद लाल गर्ग

जम्मू एवं कश्मीर
श्री रफीक मसूदी

झारखंड
श्री एन एन सिन्हा

कर्नाटक
श्रीमती आई एम विट्ठलमूर्ति

केरल
श्री भारत मुरली

लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र
नामांकन की प्रतीक्षा है

मध्य प्रदेश
प्रधान सचिव

महाराष्ट्र
श्री अजय पोहंकर

मणिपुर
डा० श्रीमती सरोजिनी देवी

मेघालय
श्री रूडोल्फ मसर

मिज़ोरम
श्रीमती बोईचिंगपुई

नागालैंड
श्रीमती केविनिनो पी मेरू

उड़ीसा
श्रीमती गीता मलिक

पांडेचेरी संघ राज्य क्षेत्र
श्री के केशवास्वामी

पंजाब
श्री ज़ी एस चन्नी

राजस्थान
सचिव (संस्कृति)

सिक्किम
श्री एस. डी. ढ़ाकाल

तमिलनाडु
थिरू कवगर आया भारती

त्रिपुरा
श्री हिरेन्द्र सिन्हा

उत्तर प्रदेश
सचिव (संस्कृति)

उत्तरांचल
श्री अमिताभ श्रीवास्तव

पश्चिमी बंगाल
श्रीमती उषा गांगुली

संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि
श्री एन. सी. गोयल

सूचना और प्रसारण विभाग के प्रतिनिधि
श्रीमती पद्मा सुब्रह्मण्यम

साहित्य अकादेमी के दो प्रतिनिधि
प्रो० के सच्चिदानन्दन
डा० ललतलुगलिआना खिंगते

ललित कला अकादेमी के दो प्रतिनिधि
डा० सुधाकर शर्मा
प्रो० जय कृष्ण अग्रवाल

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के एक प्रतिनिधि
श्री पवन कुमार वर्मा

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के एक प्रतिनिधि
डॉ. श्रीमती अनुराधा कपूर

नियम 4(8) के अधीन सहयोजित बारह सदस्य
श्री नूकाला चिन्ना सत्यनारायण
श्रीमती राजेश्वरी पद्मनाभम्न
श्री विश्व मोहन भट्ट
श्री अजय चक्रवर्ती
श्री आर के सिंहाजीत सिंह
श्री सी वी चन्द्रशेखर
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
श्रीमती अरूणा मोहन्ती
श्रीमती बी जयश्री
श्री पूरन भाट
श्रीमती नीलम मानसिंह चौधरी
श्रीमती नादिरा जहीर बब्बर

नियम 4(9) के अधीन सहयोजित आठ सदस्य
श्री के डी त्रिपाठी
श्रीमती उषा मलिक
श्रीमती सुधा गोपालकृष्णन्
श्री पवित्र सरकार
श्री गजेन्द्र नारायण सिंह
श्रीमती हेलेन गिरि
श्रीमती नंदिनी रमणी
श्री एम डी मुथुकुमारस्वामी

अनुदान समिति
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*
श्री शिव कुमार शर्मा
श्रीमती उषा मलिक
श्रीमती उषा गांगुली
श्रीमती नंदिनी रमणी
श्री के डी त्रिपाठी
श्रीमती हेलेन गिरि
श्रीमती स्वप्नसुन्दरी
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

रंगमंच की सलाहकार समिति
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*
श्रीमती उषा गांगुली
श्रीमती नादिरा जहीर बब्बर
श्रीमती नीलम मानसिंह चौधरी
श्रीमती सावित्री हैसमेन
श्री के डी त्रिपाठी
श्री भासकर चन्दावरकर
श्रीमती बी जयश्री
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

पुतुल समिति सदस्य
श्रीमती उषा मलिक
श्री दादी पदुमजी
श्री के केशवास्वामी
श्री पूरण भाट
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

प्रलेखन और अभिलेखागार सलाहकार समिति
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*
डा० सुधा गोपालकृष्णन
श्रीमती स्वप्नसुन्दरी
श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल
श्रीमती उषा मलिक
श्री आर के सिंहाजित सिंह
श्रीमती नंदिनी रमणी
जी. एस. चन्नी
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

नृत्य सलाहकार समिति
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*
श्रीमती स्वप्नसुन्दरी
श्रीमती कुमुदिनी लाखिया
श्री सी वी चन्द्रशेखर
श्रीमती नंदिनी रमणी
श्री आर के सिंहाजित सिंह
श्रीमती शारोदी सैकिया
श्रीमती अरूणा मोहन्ती
श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

संगीत सलाहकार समिति
श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*
डा० एम बालमुरलीकृष्ण
श्री अजय चक्रवर्ती
श्री शिव कुमार शर्मा
श्री अजय पोहानकर

श्री नूकाला चिन्ना सत्यनारायण

श्री विश्व मोहन भट्ट

श्री गजेन्द्र नारायण सिंह

श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

श्री के केशवास्वामी

श्री पूरन भाट

श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

प्रकाशन समिति

श्री कावालम नारायण पणिक्कर, *उपाध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी*

श्री के डी त्रिपाठी

श्रीमती वर्षा दास

श्री बी आर भार्गव

श्री मुकन्द लाठ

श्रीमती नंदिनी रमणी

डॉ. पबित्रा सरकार

श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव, संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

वित्त समिति

श्री आर. सी. मिश्र

वित्तीय सलाहकार (संस्कृति विभाग)

श्री एन. सी. गोयल, *संयुक्त सचिव (संस्कृति विभाग)*

श्रीमती स्वप्नसुन्दरी

डा० पवित्रा सरकार

श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

सलाहकार समिति लोक एवं जनजातीय कला

श्री राम निवास मिर्धा, *अध्यक्ष, संगीत नाटक अकादेमी*

श्री एम डी मुथुकुमार स्वामी

श्रीमती हेलेन गिरि

श्री कपिल तिवारी

श्री वी जयराजन

श्री नन्द लाल गर्ग

श्री जयन्त कस्तुआर, *सचिव संगीत नाटक अकादेमी (पदेन)*

पुतुल सलाहकार समिति

श्रीमती उषा मलिक

श्री दादी पदुमजी

वर्ष 2007-08 के दौरान आयोजित बैठकें

कार्यकारी मंडल बैठक	28 मई 2007
प्रकाशन समिति	13 जुलाई 2007
नृत्य सलाहकार समिति	14 जुलाई 2007
अनुदान समिति बैठक	14 – 15 जुलाई और 25–26 जुलाई 2007
रंगमंच सलाहकार समिति	24 जुलाई 2007
संगीत सलाहकार समिति	27 जुलाई 2007
अनुदान समिति बैठक	25–26 जुलाई 2007
वित्त समिति बैठक	24 अगस्त 2007
लोक एवं जनजातिय प्रदर्शन कलाओं की सलाहकार समिति	8 अक्तूबर 2007
पुतुल समिति बैठक	8 अक्तूबर 2007
प्रलेखन एवं संग्रहालय की सलाहकार समिति	9 अक्तूबर 2007
कार्यकारी मंडल	23 अक्तूबर 2007
वित्त समिति बैठक	26 अक्तूबर 2007
कार्यकारी मंडल बैठक	17 दिसम्बर 2007
महापरिषद बैठक	18 दिसम्बर 2007
अन्तरराज्यीय सांस्कृतिक आदान–प्रदान समिति	29 जनवरी 2008
कार्यकारी मंडल	27 फरवरी 2008
महापरिषद बैठक	28 फरवरी 2008

अप्रैल 2007 से मार्च 2008 तक की समयाविधि में अन्तर्राज्यीय सांस्कृतिक आदान – प्रदान कार्यक्रम

परिशिष्ट – 4

1. तमिलनाडु के सांस्कृतिक दल ने अप्रैल 2007 (13.4.2007 से 20.4.2007 तक) के दौरान गोवा का दौरा किया।
2. हिमाचल प्रदेश के सांस्कृतिक दल ने जून 2007 (18.8.2007 से 15.6.2007 तक) के दौरान जम्मू–कश्मीर का दौरा किया।
3. राजस्थान के सांस्कृतिक दल ने अगस्त 2007 (18.8.2007 से 25 अगस्त 2007 तक) के दौरान पश्चिम बंगाल का दौरा किया।
4. केरल के सांस्कृतिक दल ने अक्तूबर 2007 (20.10.2007 से 28.20.2007 तक) के दौरान हिमाचल प्रदेश का दौरा किया।
5. लक्षद्वीप के सांस्कृतिक दल ने नवम्बर 2007 (9.11.2007 से 16.11.2007 तक) के दौरान हिमाचल प्रदेश का का दौरा किया।
6. पश्चिम बंगाल के सांस्कृतिक दल ने नवम्बर–दिसम्बर 2007 (25.11.2007 से 6.12.2007 तक) के दौरान राजस्थान का दौरा किया।
7. हिमाचल प्रदेश के सांस्कृतिक दल ने दिसम्बर 2007 के दौरान केरल का (9.12.2007 से 16.12.2007) तत्पश्चात लक्षद्वीप का (17.12.2007 से 26.12.2007) तक दौरा किया।

संगीत नाटक अकादेमी की प्रकाशित पुस्तकों की सूची

परिशिष्ट – 5

अंग्रेजी		रूपये पैसे
1.	रवीन्द्र नाथ टैगोर : ए ट्रिब्यूट : (सं) पुलिन बिहार सेन क्षितिश रॉय	495.00
2.	संगीत नाटक : रजत जयंती अंक	100.00
3.	म्यूजिक एंड डांस इन रवीन्द्रनाथ टैगोरज़ एजुकेशनल फिलॉसफी : सती देव घोष	20.00
4.	द विग्ड फॉर्म : एस्थेटिकल एस्सेज ऑन हिन्दुस्तानी रिदम : एस के सक्सेना	35.00
5.	रावण छाया : जीवन पाणि	12.00
6.	मालुशाही बैलेड ऑफ कुमाऊं : मोहन उप्रेती	30.00
7.	करयाला : एस एस एस ठाकुर	20.00
8.	इवोल्यूशन ऑफ ख्याल : एम वी धोंड	10.00
9.	भाओना : रिच्यूअल प्ले ऑफ असम : महेश्वर नियोग	25.00
10.	हूज़ हू ऑफ इंडियन म्यूजिश्यंस : दूसरा संस्करण	50.00
11.	उस्ताद फैयाज; खां : दीपाली नाग	90.00
12.	स्टेज़ म्यूजिक ऑफ महाराष्ट्र : अशोक डी रानाडे	60.00
13.	आस्पेक्ट्स ऑफ इंडियन म्यूजिक : ए क्लेक्शन ऑफ एस्सेज : सुमति मुटाटकर (संपादित)	595.00
14.	कंटेम्पोरेरी इंडियन थिएटर : रजिन्द्र पॉल (पुर्नपुद्रण)	740.00
15.	मैडम मेनका : दमयंती जोशी	150.00
16.	शारंगदेव एंड हिज संगीत – रत्नाकार : प्रेमलता शर्मा (जिल्द सहित)	1200.00
17.	मतंग एण्ड हिस वर्क बृहद्देसी : स्व. प्रेमलता शर्मा	500.00
18.	स्विमिंगग सिलेबल्स एस्थेटिक्स ऑफ कथक डांस : सुशील कुमार सक्सैना (पुर्नमुद्रण)	475.00
19.	तौलपावा कुत्तु : शैडो पपेट्स ऑफ केरल : जी वेणु (पुर्नमुद्रण)	295.00
20.	तोलू बोम्मलाट्टा : शैडो पपेट्स ऑफ आंध्र प्रदेश : एम नागभूषण शर्मा	60.00
21.	कुट्टियाटम एवं कूट्टिपालम : गोवर्धन पंचाल	130.00
22.	द आर्ट ऑफ तबला रिदम : एसेंशियल्स, ट्रेडिशनल एंड क्रिएटिविटी : सुधीर कुमार सक्सैना	550.00
23.	इन्डियन ड्रामा इन रिट्रासपेक्ट : इन्ट्रोडक्शन : जयन्त कस्तुआर	850.00
24.	रवीन्द्र नाथ टैगोर – वन हन्ड्रेड सॉगस इन स्टफ नोटेशन : कम्पाइल्ड : इन्दिरा देवी चौधुरानी	795.00
25.	क्लासिकल इंडियन डांस इन लिटरेचर एण्ड द आर्ट्स : कपिला वात्स्यायन	480.00
हिन्दी		
26.	संगीत कलाधर : दहियालाल शिवराम (अ) अनिल बिहारी ब्योहर चेतना जे ब्योहर (सं) प्रेम लता शर्मा	1250.00
27.	ओंकार नाथ ठाकुर : विनय चन्द्र मौदगल्य	2.50
28.	सहसरत : प्रेमलता शर्मा	25.00
29.	त्यागराज कृति संग्रह	20.00
30.	रासलीला तथा रसानुकरण विकास : वसन्त यामदग्नि	100.00
31.	मुतुस्वामी दीक्षितार कृति संग्रह	50.00
32.	मृदंग–तबला वादन पद्धति : गुरूदेव पटवर्धन	7.50
33.	हिमाचल का लोक संगीत : केशव आनंद	70.00
34.	मृदंग वादन नाथद्वारा परम्परा : पुरूषोत्तम दास	25.00
35.	पुष्टि संगीत प्रकाश : बी पी भट्ट	70.00
36.	नाट्यकल्पद्रुम : मणि माधव चाक्यार : प्रेमलता शर्मा	300.00
तमिल		
37.	अयोध्या कांड आफ तौलपावा कुत्तु : कृष्ण कुट्टी पुलावर	100.00
मणिपुरी		
38.	रास पूर्णिमा : बाबू सिंह	60.00

श्रृव्य – दृश्य रिकार्डिंग की सूची अप्रैल 2007 से मार्च, 2008 तक

परिशिष्ट – 6

	ध्वनि धं.मि.से.	चित्र धं.मि.से.
संगीत		
थिरुपून्थरदी वी. वेंकटेशन : कर्नाटक वोकल		
संगीत संग्राम : संगीत महोत्सव		
15 से 18 फरवरी 2008 , इंदौर		
क्षेत्रीय परम्पराओं के संगीत की विशेष सभा		
सत्यभान शार्मा, आगरा , हवेली संगीत(उ प्र)	00:50:50	00:50:50
राजशेखर मंसुर, बैंगलोर	00:59:10	00:59:10
मुरारी शार्मा, बिकानेर मंड (राजस्थान)	00:53:10	00:53:10
सुनील मसुरकर, इंदौर:नाटश संगीत (महाराष्ट्र)	00:39:25	00:39:25
हंसवाहिनी, दिल्ली:	00:41:35	00:41:35
लिलावती अदसुले, इंदौर	00:55:50	00:55:50
ब्रिजनारायण, मुम्बई: सरोद	01:02:20	01:02:20
चुन्नुलाल मिश्रा, वाराणसी: एच.वोकल (ठुमरी,दादरा)	01:17:50	01:17:50
निरंजन हल्दार, इंदौर: विचित्र वीणा	01:15:20	01:15:20
लय शाक्ति, दिल्ली : ताल वाद्य कचहरी	00:59:30	00:59:30
मणी प्रसाद, दिल्ली : एच. वोकल	01:12:20	01:12:20
संगीत प्रतिभा : युवा संगीतकारों का महोत्सव		
11 से 14 अगस्त 2007		
पुणे, महाराषट्र		
उद्घाटन	00:06:20	00:06:20
अहमद अब्बास खान और हसन हैदर खान, कोलकाता : शाहनाई	00:36:30	00:36:30
चेतना बनावत, वनस्थली : हिन्दुस्तानी वोकल	00:49:50	00:49:50
मिलिन्द तुलंकर, पुणे : जलतरंग	00:41:40	00:41:40
विकास भारद्वाज, कोटा : सितार	01:04:45	01:04:45
गोपाल जाधव और समूह, लतुर : पखवाज	00:40:15	00:40:15
अमिरुद्दीन खान और फारुख खान, जयपुर: सारंगी	00:35:30	00:35:30
पुषकर लेले, पुणे: हिन्दुस्तानी वोकल	00:44:15	00:44:15
आरती आर. नायक, गोवा: हिन्दुस्तानी वोकल	00:38:25	00:38:25
डी. श्रीनिवास, हैदराबाद: कर्नाटक वीणा	00:43:45	00:43:45
देवनन्द यादव, औरंगाबाद: एच. वोकल (ध्रुपद)	00:48:15	00:48:15
हिमान्सु महंत, बरौदा: तबला	00:42:37	00:42:37
स्तुती वाणी ठकुरिया, गौहाटी: बोरगीत(असम)	00:38:45	00:38:45
रुपायन संस्थान, जोघपुर:	00:47:40	00:47:40
अल्लारखा कलवंत, अहमदाबाद: सारंगी	00:53:10	00:53:10
सानिया पतंकर, पुणे: हिन्दुस्तानी वोकल	00:53:10	00:53:10
अरनब चक्रवतर्फ, मुम्बई: सरोद	00:58:40	00:58:40
भारती जेना, भुवनेश्वर: ओडीसी संगीत	00:47:40	00:47:40
गायत्री देवी और समूह, इंफाल:नटसंकीर्तन (मणीपुर)	00:37:55	00:37:55
विश्वजीत बोरवंकर, मुम्बई: हिन्दुस्तानी वोकल	00:38:30	00:38:30

	ध्वनि धं.मि.से.	चित्र धं.मि.से.
भिमन्ना जाधव, सोलापुर: सुन्दरी	00:54:20	00:54:20
रुपेश काशीनाथ गवास, गोवा: हिन्दुस्तानी वोकल	00:46:40	00:46:40
अंकित भट्ट, जयपुर: सितार	00:40:10	00:40:10

संगीत प्रतिभा : युवा संगीतकारों का महोत्सव
8 से 12 अक्टूबर 2007 कलाभारती ओडिटोरियम, विशाखापत्तनम

उद्घाटन	00:31:25	
ए.विजय कार्तिकेयन और समूह, चिदम्बरम: नागाश्वरम	00:48:45	
बी. भव्यालक्ष्मी साजी, त्रिसुर: कर्नाटक वोकल	00:44:50	
रैस खान, धरवाड: सितार	00:51:40	
जयाप्रदा रामामुर्त्र्, हैदराबाद: कर्नाटक बांसुरी	00:49:15	
सिक्किल सी. गुरुचरण, चेन्नई: कर्नाटक वोकल	00:50:40	
राम कुमार, वी.एस. और एन. संपत, तिरुअनन्तपुरम, कर्नाटक वीणा और कर्नाटक वायलिन	00:43:30	
रंजनी रामचन्द्रन, पुणे: हिन्दुस्तानी वोकल	01:02:20	
चित्रवीणा पी. गणेश, चेन्नई: चित्रवीणा	00:51:30	
करैकाल आर. जयशंकर, पाण्डिचेरी: कर्नाटक वोकल	01:13:30	
के. लाहरी, विशाखपत्तनम: कर्नाटक वोकल	00:49:30	
रोहित शार्मा, वरुण झा और सलमान खान, पखवाज	00:34:30	
कंचन एस.श्रीरंजनी और कंचन एस. श्रुथीरंजनी, बंगलौर: कर्नाटक वोकल	01:01:15	
आर. श्रीदेव, तिरुअनन्तपुरम: कर्नाटक वोकल	00:46:00	
हरिजीत सिंह, श्रीकांत, ओमप्रकाश और रमण, हैदराबाद: तल वाद्य कचहरी	00:44:30	
वी. सुमित्रा, चेन्नई: कर्नाटक वोकल	00:46:10	

संगीत संगम : संगीत महोत्सव
15 से 18 फरवरी, इंदौर

उद्घाटन	00:11:15	00:11:15
दया शांकर, दिल्ली: शाहनाई	00:51:25	00:51:25
चारुमती रामचन्द्रण, चेन्नई: कर्नाटक वोकल	00:49:35	00:49:35
कार्तिक कुमार, मुम्बई: सितार	00:56:25	00:56:25
वसुन्धरा कोमकली, देवास: हिन्दुस्तानी वोकल	01:06:00	01:06:00
रित्विक सान्याल और आसीत कुमार बनर्जी, वाराणसी और कोलकाता एच. वोकल (ध्रुपद) और रुद्र वीणा	01:10:15	01:10:15
गोपाल चंद्र नन्दी, लखनउ:वायलिन	01:04:15	01:04:15
मुराद बानो, छपडा: एच. वोकल (ठुमरी, दादरा इत्यादि)	00:53:15	00:53:15

संगीत प्रतिभा : युवा संगीतकार महोत्सव
27 से 30 दिसम्बर 2007, सिलिगुरी

उद्घाटन	00:06:18	00:06:18
माला मिश्रा ओर जयमाला मिश्रा: ध्रुपद	00:25:00	00:25:00
लोकेश आनन्द, दिल्ली	00:44:50	00:44:50
अनल चटर्जी, कोलकाता: हिन्दुस्तानी वोकल	00:51:03	00:51:03
सुप्रतीक सेन गुप्ता, कोलकाता: सितार	01:01:04	01:01:04

	ध्वनि धं.मि.से.	चित्र धं.मि.से.
अर्पिता मुखर्जी, धनबाद: हिन्दुस्तानी वोकल	00:26:15	00:26:15
राज कुमार झा, अयोध्या: पखवाज	00:47:53	00:47:53
अजय प्रसाद झा, दरभंगा: गिटार	00:59:53	00:59:53
